

"उत्तराखंड जिला दर्शन" में आपकी सुविधानुसार आगामी प्रतियोगी परिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, इस किताब का निर्माण किया गया है जिसमें प्रत्येक जनपद का विस्तृत अध्ययन के साथ प्रत्येक जिले के MCQ भी दिए गए हैं।
इस किताब में आँकड़ो एवं तथ्यों को प्रस्तुत करने में पूरी सावधानी बरती गई है, फिर भी किसी प्रकार की मानवीकृत त्रुटि होने पर आप हमें E-mail कर सकते हैं।
इसके साथ ही इस किताब के बारे में अपना Rivew देने के लिए आप हमें Jardhariclasses@gmail.com पर E - Mail कर सकते हैं।

Copyright © JARDHARICLASSES.COM

All rights reserved. No portion of this book may be reproduced in any form without permission from the publisher, except as permitted by copyright Act.

Contact Us:

Email:- *Jardhariclasses@gmail.com*

Website:- *www.jardhariclasses.com*

उत्तराखंड 13 जनपद अध्ययन

Content Page ..

देहारादून जनपद	-	4 – 23
उत्तरकाशी जनपद	-	24 – 42
चमोली जनपद	-	43 – 65
रुद्रप्रयाग जनपद	-	66 – 76
टिहरी गढ़वाल जनपद	-	77 – 93
हरिद्वार जनपद	-	94 – 103
पौड़ी गढ़वाल जनपद	-	104 – 120
पिथोरागढ़ जनपद	-	121 – 135
बागेश्वर जनपद	-	136 – 144
अल्मोड़ा जनपद	-	145 - 160
नैनीताल जनपद	-	161 -175
चंपावत जनपद	-	176- 186
उधम सिंह नगर	-	187 -197

JARDHARI CLASSES

देहरादून

देहरादून का इतिहास

- देहरादून का नाम दो शब्दों से मिलकर बना है
- देहरा(डेरा या शिविर) तथा दून(घाटी)
- सिक्ख गुरु रामराय ने 1676 में देहरादून में डेरा डाला था इसलिए यहाँ का नाम डेरा से देहरा अथवा देहरादून पड़ा
- यह भी मान्यता है कि यहाँ पर आचार्य द्रोण ने तपस्या की थी जिसके कारण इस क्षेत्र का प्राचीन में द्रोणनगर कहते थे व द्रोणनगर से बाद में इसका नाम देहरादून पड़ा
- देहरादून का प्राचीन नाम पृथ्वीपुर था
- देहरादून के कालसी नामक स्थान पर अशोक शिलालेख प्राप्त हुआ जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि यह क्षेत्र मौर्यों के आधीन था
- देहरादून 1804 तक गढ़वाल के पंवार वंश के राजाओं के अधीन था लेकिन 1804 में प्रद्युम्न शाह व गोरखा सेना के बीच देहरादून के खड़बुड़ा नामक मैदान पर युद्ध हुआ जिसमें प्रद्युम्न शाह की मृत्यु हो गयी जिसके बाद गोरखाओं ने इस क्षेत्र पर शासन किया
- 1814 में देहरादून के नालापानी में ब्रिटिश सेना व गोरखाओं के बीच युद्ध हुआ ब्रिटिश सेना का नेतृत्व जनरल जिलेस्पी ने व गोरखा सेना का नेतृत्व बलभद्र थापा ने किया इस युद्ध में गोरखाओं की पराजय हुई व यह क्षेत्र अब अंग्रेजों के अधीन हो गया
- 1817 में देहरादून को जिला बनाया गया व सहारनपूर मण्डल में शामिल किया गया
- 1825 में देहारादून को कुमाऊ कमिश्नरी में शामिल किया गया
- 1829 में देहारादून को कुमाऊँ कमिश्नरी से अलग कर मेरठ मण्डल में शामिल किया गया
- 1975 में देहरादून जनपद को गढ़वाल मंडल में शामिल किया गया
- 9 दिसंबर 1998 देहारादून को नगर निगम बनाया गया

भौगोलिक स्थिति - पड़ोसी जिले/राज्य

पूर्व - टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी
पश्चिम- उत्तर प्रदेश
उत्तर- उत्तरकाशी ,हिमाचल प्रदेश
दक्षिण- हरिद्वार

राष्ट्रीय राजमार्ग(National Highway)-
NH 7- अम्बाला-पोंटा साहिब-देहरादून-ऋषिकेश
NH 507 - विकासनगर-कालसी-बड़कोट
NH 34- दिल्ली-बद्रीनाथ-माणा
NH-307- छुटमलपुर-देहरादून

- देहरादून उत्तराखंड राज्य का सबसे पश्चिमी जिला है
- देहरादून जनपद दो राज्यों से सीमा बनाता है- हिमाचल प्रदेश व उत्तरप्रदेश

देहरादून जनपद के प्रमुख स्थल

1.मसूरी-

- मसूरी को पर्वतों की रानी कहा जाता है
- मसूरी की खोज आयरिश अफसर कैप्टन यंग ने की
- मसूरी नाम यहाँ पर मंसूर पौधे के नाम पर पड़ा जो यहाँ बहुतायात में उगता था
- मसूरी को गंगोत्री, यमुनोत्री का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है
- 1843 में भी मसूरी में पुस्तकालय समिति का गठन किया व मसूरी स्टेशन लाइब्रेरी की स्थापना की गयी
- जान मेकिनन(आयरिश व्यक्ति) जिसने 1842 में सबसे पहले मसूरी में छापाखाना लगाया था तथा 'द हिल्स' नामक समाचार पत्र निकाला था।
- ब्रिटिश सरकार ने 1842 में मसूरी नगरपालिका का प्रस्ताव पास किया था
- 1929 में महात्मा गांधी देहरादून गए थे इस दौरान वो 2 दिन के लिए मसूरी भी गए थे.दूसरी बार साल 1946 में दोबारा मसूरी आये
- मसूरी में हार्डी व भट्टा जलप्रपात स्थित है
- गन हिल पॉइंट मसूरी में एक पर्यटक स्थल है
- लाल टिब्बा मसूरी की सबसे ऊंची चोटी है इसे डिपो हिल भी कहा जाता है

जार्ज एवरेस्ट पीक

- 1832 में जार्ज एवरेट मसूरी आए व यहाँ पर सर्वेक्षण कार्यालय स्थापित किया
- मसूरी में एवरेस्ट पार्क स्थित है
- मसूरी में जार्ज एवरेस्ट के नाम से 1865 में एक शिखर का नाम जार्ज एवरेस्ट पीक रखा गया

मसूरी क्राइस्ट चर्च

मसूरी क्राइस्ट चर्च पूरे हिमालयी क्षेत्र में सबसे पहला चर्च है जिसकी स्थापना 1836 में कैप्टन रैनी टेलर ने की यह चर्च गॉथिक वास्तुकला का एक अनुकरणीय उदाहरण है

मसूरी में तिब्बत की पहली निर्वासित सरकार

चीन अधिकृत तिब्बत से निर्वासित होने के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा सबसे पहले मसूरी(1959) में आये थे
मसूरी में तिब्बत की पहली निर्वासित सरकार बनी

2.कालसी

- कालसी देहरादून के चकराता तहसील में स्थित है
- इस स्थान पर मौर्य सम्राट अशोक का लेख मिला
- कालसी शिलालेख में यहाँ के लोगों को पुलिंद व इस क्षेत्र को अपरांत कहा गया
- कालसी का प्राचीन नाम कालकूट, युगशैल, खलतिका है
- ह्वेनसांग ने कालसी को सुधनगर कहा

कालसी अभिलेख
खोज- जॉन फॉरेस्ट (1860)
भाषा – प्राकृत **लिपि**- ब्राह्मी
स्थित – टोंस व यमुना संगम कालसी देहारादून

3.लाखामंडल-

- यहाँ मूर्तियों का भंडार(लाखों मूर्तियां) प्राप्त हुई
- लाखामंडल जौनसार-बाबर क्षेत्र में है
- यह स्थल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है माना जाता है कि इस स्थल पर महाभारत काल में पांडवों को मारने के लिये लाक्षागृह बनाया गया था
- यह स्थल यमुना और रिखनाड़ नदी संगम पर स्थित है
- लाखामण्डल में लाक्षेश्वर शिव मंदिर स्थित ह

सिंहपुर का यदु राजवंश-

- **स्रोत -** लाखामंडल शिलालेख(देहरादून)
- लाखामंडल से **राजकुमारी ईश्वरा** का शिलालेख प्राप्त हुआ
- राजकुमारी ईश्वरा के पिता - भास्कर वर्मन
- **पति -** जालन्धर राजकुमार श्री चंद्रगुप्त
- लाखामंडल अभिलेख में यदुवंशी राजाओं की राजधानी सिंहपुर बतायी गयी है।

4.हनोल-

- जौनसार बाबर क्षेत्र का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है
- हनोल में महाशू देवता का सबसे बड़ा मंदिर है
- हनोल टोंस नदी के तट पर स्थित है
- हनोल का प्राचीन नाम-चकरपुर
- हनोल में महासू देवता मंदिर हूण शैली से बना हुआ है

5.चकराता-

- चकराता देहरादून के जौनसार बाबर क्षेत्र के अंतर्गत आता है
- चकराता को पहाड़ों का राजा कहा जाता है
- चकराता की स्थापना कर्नल ह्यूम ने की
- चकराता में टाइगर वाटर फॉल व किमोना वॉटर फॉल स्थित है
- कानासर पर्यटक स्थल चकराता में स्थित है
- चकराता की सबसे ऊंची चोटी चिलमरी नेक है
- देववन पिकनिक स्पाट चकराता में है
- बैराटगढ़ - यह स्थल चकराता से 15-16 किमी. दूर चौराणी चोटी पर स्थित है। यहाँ कुछ खंडहर पड़े हुए है। कहा जाता है कि यहाँ महाभारत काल में पुलिन्द राजा विराट की राजधानी थी।

5.ऋषिकेश-

- ऋषिकेश गंगा व चन्द्रभागा नदी के संगम पर स्थित है
- केदारखंड में ऋषिकेश को कुब्जाम्रक कहा गया है।
- ऋषिकेश को योग की राजधानी कहा जाता है
- ऋषिकेश में प्रसिद्ध त्रिवेणी घाट है माना जाता है कि यहाँ पर तीन नदियों का संगम होता है- गंगा , यमुना, सरस्वती
- ऋषिकेश में ऋषि कुंड स्थित है
- ऋषिकेश को 2017 में नगर निगम बनाया गया

6.फन वैली- देहरादून से 25 किमी. दूर हरिद्वार मार्ग पर 20 एकड़ क्षेत्र में फैला यह एक मनोरंजन पार्क है।

7.गुछुपानी

- गुछुपानी देहरादून का प्रसिद्ध स्थल है
- इसे Robbers cave(लुटेरों की गुफा) कहा जाता है

8.घंटाघर

- 24 जुलाई 1948 को सरोजिनी नायडू ने इस घंटाघर का शिलान्यास किया
- घंटाघर के निर्माता कुंवर आनन्द सिंह
- प्रारम्भ में इसका नाम- बलबीर टॉवर
- घंटाघर का उद्घाटन 23 अक्टूबर 1953 में लाल बहादुर शास्त्री ने किया

देहरादून जनपद के प्रमुख मंदिर

1.टपकेश्वर महादेव मंदिर-

- देहरादून से लगभग 6 Km दूर स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है
- यह मंदिर गुफा में स्थित है जहाँ पर जल बूँद-बूँद करके टपकता रहता है
- टपकेश्वर मन्दिर में शिवरात्रि को टपकेश्वर मेला लगता है

2.गुरु-रामराय दरबार-

- सिक्खो के गुरु रामराय 1676 में देहरादून आये व धमूवाला में बस गया
- गढ़वाल नरेश फतेहपति शाह ने इन्हें तीन गांव दान दिए
- 1699 में गुरु रामराय ने देहरादून के धमुवाला में गुरु राम राय दरबार(झंडा दरबार) की स्थापना की
- यह दरबार मुगल शैली से निर्मित है
- 1707 में गुरु राम राय की पत्नी पंजाब कौर ने निर्माण कार्य पूरा कराया
- यहाँ पर प्रतिवर्ष होली के 5वें दिन झंडा मेले का आयोजन किया जाता है

3.चंद्रबानी मंदिर(चंद्रबानी)-

- यह मंदिर देहरादून से लगभग 7 km स्थित है
- मान्यता है कि इस स्थान पर महर्षि गौतम ने अपनी पुत्री अंजनी व पत्नी के साथ निवास किया.
- चंद्रबानी मंदिर के निकट गौतम कुंड स्थित है

4.संतोला देवी मंदिर

5.सिद्धेश्वर मंदिर- यह मंदिर केदारपुरम में घंटाघर से 5km दूर मोथरोवाला रोड पर स्थित है

6.देहरादून के चार सिद्ध-

लक्ष्मण सिद्ध - यह मंदिर देहरादून से पूरब 11 किमी. की दूरी पर जंगल में है।

कालू सिद्ध - यह स्थल भानियावाला से 4 किमी. की दूरी पर स्थित है।

माणक सिद्ध - यह स्थल देहरादून से पश्चिम की ओर भुड्डी गांव के पास स्थित है।

मॉडू सिद्ध – यह स्थल भी देहरादून से पश्चिम प्रेमनगर के पास स्थित है।

7.बुद्धा टेंपल-

- देहरादून क्लेमनटाउन में स्थित बुद्धा टेम्पल का निर्माण 1965 में शुरू हुआ था
- इस प्रसिद्ध बुद्ध मंदिर का निर्माण कोचेन रिनपोछे नामक बौद्ध भिक्षु ने अन्य भिक्षुओं के साथ मिलकर कराया था।
- देहरादून के इस प्रसिद्ध बौद्ध मठ की वास्तुकला मूलतः जापानी वास्तुकला से प्रेरित है।
- बुद्धा टेम्पल को मिन्ड्रोलिंग मोनेस्ट्री भी कहते हैं।
- इस बौद्ध स्तूप की स्थापना 28 अक्टूबर 2002 में की गयी
- बुद्धा टेंपल की ऊंचाई 220 फीट है
- यहाँ भगवान बुद्ध की 103 फीट की प्रतिमा है

देहरादून जिले के प्रसिद्ध मेले

1.झंडा मेला-

- यह मेला देहरादून में प्रतिवर्ष होली के 5वें दिन बाद आयोजित होता है।
- यह मेला सिक्ख गुरु रामराय जी के जन्मदिवस पर प्रारम्भ होता है जो कि 15 दिनों तक चलता है।
- इसी दिन गुरु राम राय जी का आगमन देहरादून में हुआ
- गुरु राम राय देहरादून में 1676 में आये थे।
- इस मेले में पंजाब के कई भक्त देहरादून आते हैं जिन्हें 'संगत' कहते हैं।

2.नुणाई मेला-

- यह मेला देहरादून के जौनसार(चकराता) में श्रावण मास को आयोजित किया जाता है।

3.टपकेश्वर मेला-

- यह मेला देहरादून में देवधारा नदी के किनारे एक गुफा में स्थित शिव मंदिर में लगता है।
- इस गुफा में एक शिवलिंग है जिसमें पानी की बूंदे एक चट्टान से टपकती हैं इसलिये इस मंदिर का नाम टपकेश्वर मंदिर है।

4.भद्रराज मेला-

- यह मेला देहरादून के मसूरी से 15Km दून भद्रराज मन्दिर में आयोजित किया जाता है।
- यह मंदिर भगवान बालभद्र को सपर्पित है।

5.बिस्सू मेला - यह मेला जौनसार बाबर क्षेत्र का प्रसिद्ध मेला है

6.वीर केसरी चंद मेला-

- वीर केसरी चंद मेला चकराता में आयोजित किया जाता है।
- वीर केसरी का जन्म 1 नवंबर 1920 को चकराता के पास क्यावा गांव में हुआ
- वीर केसरी चंद पहले सेना में भर्ती हुए व बाद में आजाद हिंद फौज में भर्ती हुए।
- इन पर मुकदमा चलने के कारण 3 मई 1945 को इन्हें फांसी दी गयी

देहरादून जनपद नदी तंत्र

1.टोंस नदी- टोंस नदी यमुना नदी की प्रमुख सहायक नदी है
टोंस नदी व यमुना नदी का संगम देहरादून में कालसी के निकट होता है

टोंस नदी पर प्रमुख परियोजनाएँ-
1.किसाऊ बांध परियोजना
2.छिबरो बांध परियोजना
3.इचारी बांध परियोजना

2.यमुना नदी

- यमुना नदी देहरादून के लाखामंडल में प्रवेश करती है
- देहरादून के कालसी में अमलावा नदी यमुना से संगम करती है
- कालसी से आगे कुछ ही दूरी पर टोंस नदी यमुना से संगम करती है
- यमुना व टोंस के संगम स्थल के बाद कुछ दूरी पर यमुना नदी पर डाकपत्थर बैराज है
- डाकपत्थर बैराज से यमुना नदी से एक नहर निकलती है जिसे शक्ति नहर कहते हैं

शक्ति नहर पर निम्न परियोजनाएँ स्थित है-
1.ढकरानी बांध परियोजना
2.ढालीपुर बांध परियोजना
3.आसन बैराज
4.कुल्हाल बांध परियोजना

यमुना नदी पर निम्न परियोजनाएँ हैं
1.ब्यासी जल विद्युत परियोजना
2.खोदरी परियोजना
3 लखवाड़ बांध परियोजना

3.आसन नदी-
आसन नदी देहरादून के आशारोड़ी देहरामार्ग के पश्चिम से निकलती हुई रामपुर-मंडी(देहरादून) के पास बायीं और से शक्ति नहर(यमुना नदी) में मिल जाती है

4.रिस्पना नदी-

- रिस्पना नदी का मूल नाम ऋषिपर्णा नदी था
- रिस्पना नदी बिंदाल नदी की सहायक नदी है
- बिंदाल नदी व रिस्पना नदी मोथरोवाला में मिलती है
- मोथरोवाला से एक साथ आगे बढ़कर ये नदियाँ सोंग नदी से मिल जाती है

5.सोंग नदी-

- सोंग नदी गंगा नदी की सहायक नदी है जो कि रायपुर में गंगा नदी में मिल जाती है
- सोंग नदी की सहायक नदी बाल्दी नदी है बाल्दी नदी पर ही सहस्त्रधारा जलप्रपात है
- रिस्पना व बिंदाल नदी भी सोंग नदी की सहायक नदी है



देहरादून में स्थित जलप्रपात

1.	टाइगर फॉल	यह चकराता में स्थित है
2.	किमोना फॉल	चकराता में स्थित है
3.	सहस्त्रधारा जलप्रपात	बाल्दी नदी के तट पर स्थित है इसमें गंधकयुक्त जल पाया जाता है
4.	हार्डी जलप्रपात-	मसूरी
5.	भट्टा जलप्रपात	मसूरी
6.	मासी जलप्रपात	मसूरी
7.	शिखर फॉल	

कुंड-

गौतम कुंड-
देहरादून से 7km दूर चंद्रबानी मंदिर के निकट स्थित है
यहाँ पर महर्षि गौतम ने तपस्या की थी

देहरादून में स्थित प्रमुख संस्थान

1.भारतीय सर्वेक्षण विभाग(Survey Of India)-

- भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारत के नक्से बनाने वाली व सर्वेक्षण करने वाली केंद्रीय एंजेसी है
- स्थापना- 1767 बंगाल में
- देहरादून- 1942 में इसे देहरादून स्थानन्तरित कर दिया गया
- भारतीय सर्वेक्षण विभाग के महानिरीक्षक जार्ज एवरेस्ट को एवरेस्ट की ऊंचाई मापने का श्रेय जाता है

2.भारतीय वन अनुसंधान संस्थान देहरादून(Forest Research Institute Dehradun)-

- 1864 में भारतीय वन विभाग की स्थापना की गयी
- 1878 में Forest School Of Dehradun की स्थापना देहरादून में की गयी
- 1884 में Forest School of Dehradun का नाम बदलकर Imperial Forest School Of Dehradun कर दिया गया
- 1906 में Imperial Forest School Of Dehradun का नाम बदलकर Imperial Forest Research Institute Dehradun(FRI) किया गया
- इसे अब Indian Forest Research Institute (FRI) कहा जाता है
- ब्लॉमफील्ड ब्रिटिश आर्किटेक्ट ने वन अनुसंधान संस्थान (FRI) की इमारत को डिजाइन किया है।
- FRI के मुख्य गेट का नाम ब्रैंडिस गेट है
- वायसराय लार्ड इर्विन ने 7 नवम्बर 1929 को इस भवन का उद्घाटन किया.
- वर्ष 1991 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में घोषित किया गया था ।

3.राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय-

- भारत में पहली बार नौसेनिक जल सर्वेक्षण विभाग की स्थापना 1770 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने की थी
- 1874 में मैरिनो सर्वे ऑफ इंडिया को कोलकाता स्थानान्तरित किया गया
- 1954 में मैरिनो सर्वे ऑफ इंडिया को देहरादून में स्थानांतरित कर दिया गया व इसका नाम नौसेना जल सर्वेक्षण कार्यालय रखा गया
- 1996 में इसका नाम नेशनल हाइड्रोग्राफ़िक ऑफिस कर दिया गया। 1999 में इसका नाम नेशनल हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण ऑफिस (राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय) कर दिया गया

4.Wadia Institute of Himalayan Geology (WIHG)(वाडिया हिमालयन भू-विज्ञान संस्थान)-

- स्थापना- 1968 दिल्ली में
- 1976 में देहरादून में इसे स्थानन्तरित किया गया
- WIHG भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन है

यह भी जानें-
NGRSM (National Geo Research Scholars Meet) राष्ट्रीय भू-अनुसंधान अध्येता बैठक
NGRSM की चौथी बैठक का आयोजन बेबीनार के माध्यम से जून 2020 में WIHG में किया गया

5.भारतीय पेट्रोलियम संस्थान(Indian Institute Of Petrolium)-

- स्थापना- 1960
- उदेश्य- पेट्रोलियम उत्पादों का विकास करना
- वर्ष 2019 में IIP ने देहरादून में प्लास्टिक वेस्ट को डीजल में तब्दील करने के लिये एक प्लांट स्थापित किया

7.ड्रिलिंग प्रोद्योगिकी संस्थान(Institute Of Driling Technology)-
स्थापना- 1978

11.राष्ट्रीय दृष्टि बधित संस्थान

12.आपदा न्यूनीकरण व प्रबंधन केंद्र

6.Oil And Natural Gas Corporation-

- स्थापना- 1956
- 14 अगस्त 1956 में इसे तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का नाम दिया गया और 1994 में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम(ONGC) में रूपांतरित किया गया
- 1997 में ONGC को नवरत्न कम्पनी में शामिल किया गया
- 2010 में ONGC को भारत की महारत्न कम्पनी का दर्जा प्राप्त हुआ

8.भारतीय वन्य जीव संस्थान(Wildlife Institute Of India)-

- स्थापना- 1982
- उदेश्य- वन्य जीव सरक्षण क्षेत्र में प्रशिक्षण व रिसर्च करना

9.भारतीय सुदूर सर्वेदन संस्थान(Indian Institute Of Remote Sensing)
स्थापना- 1966

10.इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी(Indira Gandhi National Forest Academy)-
स्थापना-1987

राष्ट्रीय उद्यान/ वन्य जीव विहार

1.राजाजी राष्ट्रीय उद्यान-

- स्थापना-1983
  स्थित-देहरादून, हरिद्वार, पोड़ी
  क्षेत्रफल- 820.42 वर्ग Km
  मुख्यालय- देहरादून
- प्रमुख जीव:- हाथी शेर, टाइगर, नीलगाय, चीतल आदि।
- यह हाथियो के लिए प्रसिद्ध है
- इसे वर्ष 2015 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया
- यह देश का 48वां टाइगर रिजर्व व उत्तराखंड का दूसरा टाइगर रिजर्व है

2.मसूरी वन्य जीव विहार-

- स्थापना- 1993
- स्थित- देहरादून
- क्षेत्रफल- 11 वर्ग किमी
- वन्य जीव- लंगूर, बंदर, सुअर, भालू ,गुलदार, तीतर, पहाड़ी बटेर, चकोर आदि

प्रमुख संग्रहालय

- स्टेट वार मेमोरियल - चीर बाग(देहरादून)
- विश्व प्राकृतिक धरोहर केंद्र- देहरादून
- वन संग्रहालय- देहरादून

3.मालसी डीयर पार्क-यह देहारादून में मसूरी रोड पर स्थित है

उद्योग

SIDCUL (State Industrial Development Corporation of Uttarakhand)

- स्थापना- 2002 मुख्यालय- देहरादून
- सिडकुल के 7 बड़े औद्योगिक आस्थान-
- 1.एकीकृत औद्योगिक आस्थान हरिद्वार
- 2.एकीकृत औद्योगिक आस्थान पंतनगर
- 3.एकीकृत औद्योगिक आस्थान सेलाकुई देहरादून
- 4.IT पार्क सहस्त्रधारा देहरादून
- 5.एल्डिको सिडकुल इंडस्ट्रियल पार्क सितारगंज
- 6.सिग्गडी ग्रोथ सेंटर कोटद्वार पौड़ी
- 7.सिडकुल फेज 2 सितारगंज

प्रमुख उद्योग व औद्योगिक पार्क

- सिल्क पार्क- देहरादून
- सीमेंट उद्योग- देहरादून
- मारबल उद्योग- देहरादून

उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय स्तर के संस्थान

1.इंडियन मिलिट्री अकादमी(IMA) –

स्थित- देहरादून
स्थापना- 1 अक्टूबर 1932
औपचारिक उद्घाटन- 10 दिसम्बर 1932 फील्ड मार्सल सर फिलिफ चेटवुड

- IMA की प्रमुख बिल्डिंग का नाम चेटवुड बिल्डिंग है
- भारतीय डाक विभाग ने IMA के नाम पर डाक टिकट जारी किया
- 1932 में ब्रिगेडियर एलपी कोलिंस प्रथम कमांडेंट बने थे।
- IMA के शुरुआती बैच को पायनियर बैच का नाम दिया गया था।
- इसी बैच में से फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ और म्यांमार के सेनाध्यक्ष रहे स्मिथ डन के साथ पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष मोहम्मद मूसा भी पास आउट हुए थे।
- 1947 में ब्रिगेडियर ठाकुर महादेव सिंह(पहले भारतीय) IMA पहले कमांडेंट बनें
- अकादमी का आदर्श वाक्य- वीरता और बुद्धि
- 1982 में भारतीय सैन्य अकादमी आईएमए की स्वर्ण जयंती पर 50 पैसे मूल्य का डाक टिकट जारी किया गया ।

2.इंदिरा गांधी राष्ट्रीय फारेस्ट अकादमी देहरादून
स्थापना- 1987
स्थित- देहरादून

3.,हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज- देहरादून जोलीग्रांट

- राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज

4.राज्य का पहला महिला इंजीनियरिंग कॉलेज- सुद्धोवाला देहरादून

समसामयिक घटनायें

देहरादून(रायपुर) में किया गया कृषि ब्यवसाय विकास केंद्र का लोकार्पण -

- मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत व सतपाल महाराज ने देहरादून के रायपुर के ग्राम थानों में 20 सितम्बर 2020 को कृषि ब्यवसाय विकास केंद्र(Agriculture Business growth center) लोकार्पण किया
- इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार विकसित करना है

देहरादून **में सूर्यधारा झील -**

- देहरादून में जाखन नदी पर बनी सूर्यधारा झील का लोकार्पण मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत जी द्वारा किया गया
- झील की लंबाई- 550 मीटर चौड़ाई- 28 मीटर व गहराई- 10 मीटर
- सूर्यधारा झील का नाम स्व गजेंद्र दत्त नैथानी जलाशय भी है

कमला थापा को मरणोपरांत प्रतिष्ठित फ्लोरेंस नाइटेंगल अवॉर्ड 2021 -

- देहरादून की रहने वाली नर्स कमला थापा को मरणोपरांत फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से नवाजा गया
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्चुअल समारोह में कमला थापा के स्वजन को यह अवार्ड प्रदान किया
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार भारतीय नर्सिंग परिषद द्वारा दिया जाता है
- यह पदक उन लोगों को दिया जाना था जिन्होंने नर्सिंग के पेशे में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई, 1820 को इटली के फ्लोरेंस में हुआ था
- फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिग आन्दोलन का जन्मदाता माना जाता है।
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल "द लेडी विद द लैंप" (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं

आसन कन्जर्वेशन रिजर्व बना उत्तराखण्ड का पहला रामसर स्थल -

- देहरादून जिले में स्थित आसन कन्जर्वेशन रिजर्व उत्तराखण्ड का पहला रामसर स्थल घोषित किया गया
- रामसर द्वारा मान्यता प्राप्त यह उत्तराखण्ड की पहली आद्रभूमि (wetland) है।
- रामसर - रामसर एक अंतर सरकारी सन्धि है जो अंतराष्ट्रीय महत्व के आद्रभूमि क्षेत्रों को रामसर स्थल के रूप में घोषित करता है। यह सन्धि 1971 में कई देशों के बीच ईरान के रामसर शहर में साइन की गयी
- भारत ने 1982 में इस संधि पर हस्ताक्षर किये

वीणा पाणी जोशी -

- प्रसिद्ध साहित्यकार व कवियित्री 'वीणा वाणी' जोशी जी का 83 वर्ष की आयु में 6 मार्च 2020 को निधन हो गया
- वीणा वाणी जोशी का जन्म 10 फरवरी 1934 को देहरादून में हुआ था

देहरादून **में खोला गया भारत का पहला क्रिप्टोगेमिक उद्यान –**

- देहरादून के देवबन में भारत का पहला क्रिप्टोगैमीक उद्यान खोला गया
- इसका उद्घाटन 11 जुलाई 2021 को अनूप नोटियाल द्वारा किया गया
- प्लांट जगत को दो भागों में बांटा गया है
  1.क्रिप्टोगैमस- वे पादप जिनमें प्रजनन बीजाणुओं (spores) की सहायता से होता है
  जैसे- थैलोफाइटा ब्रायोफाइट, टेरिडोफाइट
  2.फेनरोगम्स - इनमें बीज पाये जाते हैं जैसे- जिम्नोस्पर्म, एंजियोस्पर्म

उत्तराखंड का पहला बालमित्र थाना - देहरादून

- उत्तराखंड का पहला बालमित्र थाना देहरादून के डालनवाला कोतवाली में खोला गया
- 22 जनवरी 2021 को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत जी द्वारा इस बालथाने का उद्घाटन किया गया
- उदेश्य- बाल अपराधियों को सुधारना

देहरादून जनपद प्रशासनिक ढांचा

विधानसभा सीटें - 10 सीटें
1.चकराता(ST), 2.राजपुर(SC), 3.विकासनगर, 4.देहरादून, 5.धर्मपुर 6.मसूरी 7.रायपुर 8.सहसपुर 9.ऋषिकेश 10.डोईवाला
विकासखंड - रायपुर, चकराता, डोईवाला, कालसी, सहसपुर, विकासखंड
तहसील - कालसी, त्यूनी, चकराता, ऋषिकेश, देहरादून, विकासनगर, डोईवाला

जनसंख्या - 16,96,694 (दूसरी सबसे ज्यादा सर्वाधिक हरिद्वार)
जनघनत्व - 549 तीसरा सर्वाधिक 1 हरिद्वार 2 उधम सिंह नगर
साक्षरता - 84.25%
पुरूष - 89.40%
महिला - 78.54%
लिंगानुपात - 902 (दूसरा सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला)

देहरादून जनपद MCQ

Q1.देहरादून जनपद को गढवाल मंडल में कब शामिल किया गया
A.1872
B.1875
C.1975
D.1982

Ans- C

Q2.देहरादून नगर नगम कब बना
A.1990
B.1972
C.1975
D.1998

Ans- D

Q3.हनोल में महासू देवता मंदिर किस शैली से निर्मित है
A.मुगल शौली
B.द्रविण शैली
C.कत्यूर शैली
D.हूँण शैली

Ans- D

Q4.देहरादून का प्राचीन नाम है
A.डेरा घाटी
B.देहरापुर
C.पृथ्वीपुर
D.सहसपुर

Ans- C

Q5.बैराटगढ़ कहाँ है
A.कालसी
B.मसूरी
C.चकराता
D.ऋषिकेश

Ans- C

Q6.गन हिल प्वाइंट कहाँ स्थित है
A.कालसी
B.मसूरी
C.चकराता
D.ऋषिकेश

Ans- B

Q7.FRI को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा कब दिया गया
A.1985
B.1991
C.1995
D.1997

Ans- B

Q8.देहरादून जनपद की सीमा उत्तराखंड के कितने जिलों से मिलती है
A.2
B.3
C.4
D.5

Ans- C

Q9.किसाऊ बांध परियोजना किस नदी पर है
A.यमुना नदी
B.टोंस नदी
C.आसन नदी
D.सोंग नदी

Ans- B

Q10.हनोल किस नदी के तट पर स्थित है
A.यमुना नदी
B.टोंस नदी
C.अलगाड नदी
D.सोंग नदी

Ans- B

Q11.देहरादून के किस स्थान पर स्टेट वार मेमोरियल है
A.सेलाकुई
B.राजपुर
C.चीरबाग
D.मोथेरवाला

Ans- C

Q12.FRI के मुख्य गेट का नाम क्या है
A.चेटवुड गेट
B.ब्रेंडिस गेट
C.ब्लॉमफील्ड गेट
D.इर्विन गेट

Ans- B

Q13.सिडकुल की स्थापना कब हुई
A.2001
B.2002
C.2004
D.2006

Ans- B

Q14.डाकपत्थर बैराज किस नदी पर है
A.यमुना
B.टोंस
C.आसन नदी
D.सोंग नदी

Ans-A

Q15.निम्न में से कौन सा जलप्रपात चकराता में स्थित है
A.किमोना फॉल
B.टाइगर फॉल
C.हार्डी जलप्रपात
D.A& B दोनों

Ans-D

Q16.निम्न में से देहरादून के चार सिद्ध में कौन सा शामिल नहीं है
A कालू सिद्ध
B.माणक सिद्ध
C.मांडू सिद्ध
D.केदार सिद्ध

Ans- D

Q17.देहरादून स्थित FRI की इमारत का डिजाइन किसके द्वारा तैयार किया गया
A.कैप्टन यंग
B.डेट्रिच ब्रेंडिस
C.ब्लॉमफील्ड
D.फिलिप चेटवुड

Ans- C

Q18.IMA(Indian Military Academy) की मुख्य बिल्डिंग का नाम किसके नाम पर रखा गया है
A.फिलिप चेटवुड
B.एलपी कोलिंस
C.कैप्टन यंग
D.सैम मानेक शॉ

Ans- A

Q19.मसूरी की खोज किस व्यक्ति ने की
A.जॉर्ज एवरेस्ट
B.कैप्टन यंग
C.जॉन मैकिनन
D.कैप्टन रैनी टेलर

Ans.B

Q20.ह्वेनसांग ने कालसी को क्या कहा
A.कालकूट
B.खतलिक
C.सुधनगर
D.युगशैल
Ans- C

Q21.सिल्क पार्क किस जनपद में है
A.देहरादून
B.पौड़ी
C.अल्मोड़ा
D.हरिद्वार

Ans-A

Q22.निम्न में से देहरादून जनपद की कौन सी विधानसभा सीट ST हेतु आरक्षित है
A.राजपुर
B.रायपुर
C.विकासनगर
D.चकराता

Ans-D

Q23.भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान कहाँ स्थित है
A.ऋषिकेश
B.हरिद्वार
C.देहरादून
D.हल्द्वानी

Ans- C

Q24.वाडिया हिमालय भू विज्ञान संस्थान की स्थापना कब हुई
A.1962
B.1964
C.1966
D.1968

Ans- D

Q25.वर्ष 2019 में प्लास्टिक वेस्ट को डीजल में तब्दील करने के लिए प्लांट किसके द्वारा स्थापित किया गया था
A.ONGC ने
B.IIP ने
C.FRI ने
D.ONGC ने

Ans- B

Q26. देहरादून में स्थित F.R.I की स्थापना कब हुई
A.1864
B.1884
D.1902
D.1906

Ans- D

Q27.भद्रराज मेला कहाँ आयोजित किया जाता है
A.चकराता
B.त्यूनी
C.मसूरी
D.विकासनगर

Ans- C

Q28.भारतीय वन्य जीव संस्थान की स्थापना देहरादून में कब की गयी
A.1980
B.1982
C.1983
D.1988

Ans- B

Q29.भारतीय डाक विभाग द्वारा IMA के नाम पर डाक टिकट कब जारी किया गया
A 1980
B.1982
C.1983
D.1986

Ans- B

Q30.राजाजी राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व क्षेत्र कब घोषित किया गया
A.2012 में
B.2014 में
C.2015 में
D.2016 में

Ans- C

Q31.देहरादून में स्थित गौतम कुंड कौन से मन्दिर के निकट स्थित है
A.टपकेश्वर मंदिर
B.चंद्रबानी मंदिर
C.संतोली माता मंदिर
D.सिधेश्वर मंदिर

Ans- B

Q32.देहरादून जनपद का जनघनत्व है
A.549
B.801
C.649
D.225

Ans- A

Q33.निम्न में से कौन सा स्थान सिडकुल से सम्बंधित नहीं है
A.सेलाकुई
B.टिहरी
C.सितारगंज
D.हरिद्वार

Ans- B

Q34.वर्ष 2015 में राजाजी नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व क्षेत्र घोषित किया गया यह देश का कौन सा टाइगर रिजर्व क्षेत्र है
A.47वां
B.48वां
C.50वां
D.52वां

Ans- B

Q35.फ्लोरेंश नाइटेंगल अवार्ड 2021 से किसे सम्मानित किया गया
A.सुनीता रावत
B.कमला थाप
C.रेखा आर्य
D.दीपा रावत

Ans- B

Q36.कुब्जाम्रक किसका प्राचीन नाम है
A.देहरादून
B.चकराता
C.ऋषिकेश
D.कालसी

Ans- C

Q37.मौर्य सम्राट अशोक का कालसी शिलालेख किस लिपि में लिखा गया है
A.ब्राह्मी लिपि
B.शंकु लिपि
C.खरोष्ठी लिपि
D.देवनागरी लिपि

Ans- A

Q38.देहरादून में सूर्यधारा झील किस नदी पर है
A.आसन नदी
B.सोंग नदी
C.यमुना नदी
D.जाखन नदी

Ans- D

Q39.देहरादून स्थित बुद्धा टेम्पल की स्थापना कब हुई
A.1965
B.1990
C.2002
D.2005

Ans- A

Q40.FRI को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा कब दिया गया
A.1985
B.1991
C.1995
D.1997

Ans- B

Q41.सहस्त्रधारा जलप्रपात कौन सी नदी पर है
A.सोंग नदी
B.बाल्दी नदी
C.बिंदाल नदी
D.ऋषिपर्णा नदी

Ans- B

Q42.मसूरी स्टेशन लाइब्रेरी की स्थापना कब हुई
A.1842
B.1843
C.1844
D.1845

Ans- B

Q43.उत्तराखंड का पहला बालमित्र थाना कहाँ खोला गया
A.ऋषिकेश
B.मसूरी
C.देहरादून
D.हरिद्वार

Ans- C

Q44.इंदिरा गांधी राष्ट्रीय फॉरेस्ट अकादमी कहाँ है
A.पौड़ी
B.देहरादून
C.चमोली
D.टिहरी

Ans- B

Q45.निम्न में से कौन सा जलप्रपात देहरादून में नहीं है
A.किमोना जलप्रपात
B.शिखर फॉल
C.मासी जलप्रपात
D.खेड़ी जलप्रपात

Ans-D

Q46.कानासर पर्यटक स्थल है
A.मसुरी
B.चकराता
D.रायपुर
D.लाखामंडल

Ans- B

Q47.लाक्षेश्वर शिव मंदिर कहाँ स्थित है
A.मसूरी
B.ऋषिकेश
C.चकराता
D.लाखामंडल

Ans-D

Q48.जौनसार बाबर क्षेत्र का प्रमुख तीर्थ स्थल है
A.जौनपुर
B.चकराता
C.हनोल
D.त्यूणी

Ans- C

Q49.देहरादून जनपद का लिंगानुपात कितना है
A 880
B.902
C.920
D.934

Ans-B

Q50.जॉर्ज एवरेस्ट पीक कहाँ है
A.मसुरी
B.चकराता
D.रायपुर
D.लाखामंडल

Ans- A

Q51.सिक्ख गुरु रामराय को देहरादून में तीन गांव परमार वंश के किस राजा ने दिए
A.पृथ्वी पति शाह
B.फतेह पति शाह
C.प्रदीप शाह
D.प्रद्युम्न शाह

Ans- B

उत्तरकाशी जनपद

उत्तरकाशी जनपद का इतिहास

- उत्तरकाशी वरुणावत पर्वत की गोद में बसा हुआ एक सुंदर नगर है
- प्राचीन नाम – बाड़ाहाट व सोम्यकाशी
- अस्सी गंगा व वरुणा नदी के बीच बसे होने के कारण उत्तरकाशी को सोम्यकाशी कहा जाता है
- प्राचीन में यहां पर 12 गॉव हुआ करते थे व यहाँ पर मंडी लगने के कारण इसका नाम बड़ाहाट पड़ा
- उत्तरकाशी जनपद की स्थापना 24 फरवरी 1960 को हुई।
  इसे टिहरी जनपद से पृथक करके बनाया गया

पड़ोसी देश/राज्य/जिले सीमाएं

पूर्व में - चमोली
पश्चिम में - देहरादून
उत्तर में - हिमाचल प्रदेश
दक्षिण में - टिहरी

- उत्तरकाशी जनपद कुल 4 जिलों से सीमा बनाता है - देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली
- उत्तरकाशी उत्तराखंड राज्य का सबसे उत्तरी जिला है
- क्षेत्रफल - 8016 वर्ग KM

राष्ट्रीय राजमार्ग(National Highway)

- NH 34- धराशु से गंगोत्री
- NH 134 – धराशु – बड़कोट - फूलचट्टी - यमुनोत्री
- NH 507- विकासनगर – कालसी - बड़कोट

उत्तरकाशी जनपद के प्रमुख पर्यटक स्थल

1.हर की दून -

- हर की दून उत्तरकाशी में सूपिन नदी रेंज में रवाईं क्षेत्र में स्थित है
- पुरोला को हर की दून का प्रवेश द्वार कहा जाता है

2.हर्षिल -

- उत्तरकाशी-गंगोत्री मार्ग पर भागीरथी नदी के तट पर स्थित हर्षिल एक पर्यटक स्थल है
- हर्षिल सेब की खेती के लिये प्रसिद्ध है यहाँ पर सेब के बागान लगाने का श्रेय फ्रेडरिक विल्सन को जाता है
- फ्रेडरिक विल्सन को स्थानीय लोग राजा विल्सन या पहाड़ी विल्सन भी कहते हैं
- हर्षिल में विल्सन नाम की सेब की प्रजाति भी है

3.तपोवन - तपोवन भागीरथी नदी के उद्गम स्थल गोमुख के निकट स्थित है

उत्तरकाशी जनपद के प्रमुख मंदिर

1.विश्वनाथ मंदिर

- यह मंदिर उत्तरकाशी में स्थित है
- 1857 में गढ़वाल नरेश सुदर्शन शाह की पत्नी खनेटी रानी ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था
- विश्वनाथ मंदिर में एक त्रिशूल लेख जिसकी लंबाई 8 फूट 9 इंच है जिसमें लिखे लेख के अनुसार इस मंदिर का निर्माण राजा गणेश्वर ने कराया था
- विश्वनाथ मंदिर के निकट कुछ अन्य मंदिर- कालेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव,गोपेश्वर मंदिर



2.शक्ति मंदिर-

- शक्ति मंदिर विश्वनाथ मंदिर के सामने स्थित है
- शक्ति मंदिर में 6 मीटर ऊंचा एक त्रिशूल लेख प्राप्त हुआ
- इस त्रिशूल लेख में ब्राह्मी व शंख लिपि में लेख प्राप्त हुए

3.गंगोत्री मंदिर-

- उत्तरकाशी जनपद में गंगा(भागीरथी) माता का मंदिर गंगोत्री उत्तराखंड के चार धामों में से एक है
- इस मंदिर का निर्माण गोरखा सेनापति अमरसिंह थापा ने कराया
- वर्तमान मंदिर का पुनरुद्धार जयपुर के राजा माधो सिंह ने कराया
- इस मंदिर के निकट भागीरथी शिला है जिस पर भगीरथ ने शिव की घोर तपस्या की थी

4.यमुनोत्री मंदिर

- यमुनोत्री मंदिर उत्तरकाशी जनपद में स्थित है यह उत्तराखंड के चार धामों में से एक है
- यमुनोत्री मंदिर का जीर्णोद्धार पंवार वंश के राजा प्रताप शाह ने कराया व पुनर्निर्माण जयपुर की महारानी गुलेरिया रानी ने 19वीं सदी में कराया
- इस मंदिर के निकट एक गर्म कुंड सूर्य कुंड है

5.कल्पकेदार मंदिर –

- यह मंदिर उत्तरकाशी-गंगोत्री राजमार्ग पर स्थित धराली गांव में हैं
- यहाँ पर 240 मंदिरों का समूह था
- यह मंदिर कत्यूर शैली का बना हुआ है

6.मंजियाली का सूर्य मंदिर

- उत्तरकाशी के नोगांव, मंजियाली गांव में यह मंदिर स्थित है

7.लक्षेश्वर महादेव मंदिर-

- यह मंदिर उत्तरकाशी में भागीरथी नदी के तट पर स्थित है

8.विमलेश्वर मंदिर

- यह मंदिर उत्तरकाशी के वरुणावत पर्वत पर स्थित है
- मान्यता है कि भगवान परशुराम ने यहाँ पर शिव की तपस्या की थी

9.कुटेटी देवी मंदिर

- यह मंदिर उत्तरकाशी में ऐरावत पर्वत की चोटी पर स्थित है

10. सोमेश्वर मंदिर – यह मंदिर हर की दून रेंज में ओसला गांव में स्थित है

11. पोखू देवता मंदिर –

- यह मंदिर उत्तरकाशी के नेटवाड़ा में स्थित है
- इस मंदिर में श्रद्धालुओं को देवता की मूर्ति के दर्शन करने पर पाबंदी है
- पोखू देवता को कर्ण का प्रीतिनिधि व भगवान शिव का सेवक माना जाता है
- यहाँ मंदिर का पुजारी पीठ दिखाकर पूजा करता है

उत्तरकाशी जनपद के प्रमुख मेले

1.लोसर मेला –

- यह मेला उत्तरकाशी जनपद के जाड़ भोटिया समुदाय का प्रसिद्ध मेला है
- लोसर मेले में आटे की होली खेल मनाया जाता है
- यह मेला तीन दिन तक आयोजित किया जाता है

2.माघ मेला-

- यह मेला उत्तरकाशी में प्रतिवर्ष जनवरी माह मकर सक्रांति से शुरू होता है।
- यह मेला 8 दिन तक चलता है।
- इस मेले में कँडार देवता की डोली के साथ-साथ अन्य देवी देवताओं की डोली पहुंचती है।

3.बिस्सू मेला-

- यह मेला प्रतिवर्ष उत्तरकाशी के भुटाणु, टिकोची, किरोलो व देहरादून के चकराता , जौनसार-बाबर क्षेत्र में आयोजित किया जाता है।
- यह मेला प्रतिवर्ष विषुवत संक्राति के दिन लगता है इसलिए इसे बिस्सू मेला कहा जाता है।
- इस युद्ध में ठोटा युद्ध(धनुष बाणों का युद्ध) खेला जाता है। व ठोटा युद्ध में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 'ठोटेरी'.कहा जाता है।

4.गेंदुआ मेला-

- उत्तरकाशी की मोरी ब्लॉक की सिंगतुर पट्टी में यह मेला लगता है जिसमें दो धड़ पानसाई व साठी के बीच गेंदुआ खेल होता है

5.अठोड़ मेला-

- यह मेला उत्तरकाशी के नोगांव में लगता है
- इस मेले में जाख व सोमेश्वर देवता की पूजा अर्चना होती है

6.समसू मेला-

- यह मेला हर की दून रेंज में लगने वाला मेला यह दुर्योधन की पूजा से सम्बंद्धित है

7.खरसाली मेला –

- यमुनोत्री मार्ग में खरसाली गांव में यह मेला लगता है
- खरसाली गांव में यमुना के भाई शनि देव का एक प्राचीन मंदिर भी है

8.हरदूध मेला 9.बाड़ाहाट मेला

यात्रा-

1.पंचकोशी वारुणी यात्रा-

- यह यात्रा चैत्र मास में होती है
- यात्रा की शुरुआत भागीरथी - वारुणी के संगम से शुरू होती है व वरुणावत पर्वत की परिक्रमा कर भागीरथी-अस्सी गंगा संगम स्थल पर समाप्त होती है
- यह 15 KM की पैदल यात्रा है

उत्तरकाशी जनपद में स्थित प्रमुख दर्रे

उत्तरकाशी- तिब्बत को जोड़ने वाले दर्रे-

1.थांगला 2.मुलिंग ला 3.नेलंग ला 4.सांगचोकला

उत्तरकाशी - चमोली को जोड़ने वाले दर्रे-

1.कालिंदी दर्रा

हर की दून व यमुनोत्री को जोड़ने वाला दर्रा - बाली पास दर्रा

उत्तरकाशी व हिमाचल के बीच स्थित दर्रा – श्रंगकंठ दर्रा

प्रमुख नदियां

1.भागीरथी नदी -
उद्गम - गोमुख(गंगोत्री हिमनद)
सहायक नदी-
1.रुद्रगंगा- उद्गम - रुद्रगेरा ग्लेशियर
संगम - गंगोरी धाम के ऊपर भागीरथी से संगम

2.केदारगंगा -उद्गम - केदार ताल
संगम - गंगोत्री धाम के निकट

3.जाद गंगा(जाड़गंगा)- उद्गम - थांगला दर्रा
संगम – भैरोघाटी

4.सियागंगा- झाला नामक स्थान पर भागीरथी में मिलती है

5.अस्सी गंगा - इसका उद्गम डोंडीताल से होता है व गंगोरी नामक स्थान पर भागीरथी से संगम करती है

6.वरुणा नदी - उत्तरकाशी में भागीरथी में मिलती है

यमुना नदी-
यमुना नदी को कालिंदी नदी भी कहा जाता है
असित मुनि ने यमुना नदी की खोज की इसलिए इसका एक नाम आसिता नदी भी है
उद्गम- बंदरपूंछ पर्वत शिखर के यमुनोत्री काँठा हिमनद से
यमुना नदी यमुनोत्री धाम से होकर प्रवाह करती है यमुनोत्री धाम में स्थित मंदिर का निर्माण प्रताप शाह ने 1872-73 में कराया था।
यमुनोत्री से 16Km की दूरी पर सप्तऋषि कुण्ड स्थित है।
उत्तराखंड में यमुना नदी की लंबाई- 136Km.

सहायक नदी
1.,ऋषिगंगा-
उद्गम- बन्दरपूँछ ग्लेशियर
संगम- जानकी चट्टी में यमुना नदी से

2.हनुमान गंगा-
उद्गम- बन्दरपूँछ पर्वत से
संगम - हनुमान चट्टी के पास यमुना नदी से

3.कमलगाड़(कमल नदी) –
कमलगाड़ नोगांव में यमुना नदी में मिल जाती है
पुरोला घाटी को कमल नदी का वरदान कहा जाता है

टोंस नदी –
टोंस नदी यमुना नदी की प्रमुख सहायक नदी है
टोंस नदी को उद्गम से सूपिन नदी भी कहते हैं
उद्गम - बन्दरपूँछ पर्वत के उत्तरी ढाल से

सहायक नदी-
रूपिन नदी- इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश के डोडरा क्वार से होता है
संगम - सूपिन व रूपिन(टोंस) नदी का संगम नैटवाड़(उत्तरकाशी) में होता है व आगे टोंस नदी के रूप में आगे बढ़ती है
टोंस नदी देहरादून के कालसी में यमुना नदी से मिल जाती है


हिमाचल प्रदेश
उत्तरकाशी जनपद
डोडरा क्वार
नदी तंत्र,प्रमुख कुंड,प्रमुख ताल,जलप्रपात
चीन-तिब्बत
सप्तऋषि कुंड
बंदरपूंछ(यमुनोत्री काँठा)
~यमुना नदी
~सूपिन नदी
~सूपिन नदी(टोंस नदी)
सूर्य कुंड
यमुनोत्री
~ऋषिगंगा
~सियागंगा
गोविंद राष्ट्रीय उद्यान
गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान
गंगोत्री ग्लेशियर
~जाद गंगा
गंगोत्री
गोमुख
~भगीरथी
~नैटवाड़ा
जानकी चट्टी
मोरी
नैटवाड़ मोरी परियोजना
~टोंस नदी
हनुमान चट्टी
~हनुमान गंगा
~भस्मी गंगा
भस्मी गंगा पुपर प्रोजेक्ट
झाला
~केदारगंगा
केदारताल
~भागीरथी नदी
~कमल गाड
~यमुना नदी
~बंदरा गंगा
मनेरी बांध
खेड़ी जलप्रपात
गंगोरी
नोगांव
उत्तरकाशी
नचिकेता ताल
चौरंगी खाल
चमोर्ल
देहरादून
YouTube
Jardhari Classrs
रुद्रप्रयाग
~भागीरथी नदी
टिहरी

प्रमुख परियोजनाएँ, कुंड, झील

प्रमुख परियोजनाएँ

परियोजन नदी

1.मनेरी-भाली परियोजना - भागीरथी नदी
2.हनुमान गंगा परियोजना - हनुमान गंगा
3.करमोली परियोजना - जाद गंगा
4.जाड़गंगा परियोजना - "
4.सोनगढ़ परियोजना - यमुना
5.तालुका सांकरी परियोजना - टोंस नदी
6.मोरी हनोल परियोजना - टोंस
7.लोहारी नाग परियोजना - भागीरथी

प्रमुख कुंड

ठंडे कुंड

1.सप्तऋषि कुंड - यह कुंड यमुनोत्री से 14 KM दूर है
यह एक ठंडा कुंड है
इसे यमुनोत्री का उद्गम भी माना जाता है

2.सूर्य कुंड - यह कुंड गंगोत्री में स्थित है
3.ब्रह्म कुंड व विष्णु कुंड - ये कुंड भी भगीरथ शिला के पास गंगोत्री में स्थित हैं
4.गंगनानी कुंड- यमुनोत्री मार्ग पर ठंडा कुंड

गर्म कुंड-

1.सूर्य कुंड -
यमुनोत्री मंदिर के निकट यह एक गर्म कुंड है
2.गंगनानी कुंड(गंगानी कुंड)- यह भी एक गर्म कुंड है। यह गंगोत्री मार्ग पर है

जलप्रपात- खेड़ी जलप्रपात उत्तरकाशी जनपद में स्थित है

प्रमुख झील व ताल

1.नचिकेता ताल-
यह ताल उत्तरकाशी से 32Km दूर व चौरंगीखाल से 3 Km दूर स्थित
माना जाता है कि इस स्थान पर नचिकेता व यमराज का सवांद हुआ था जिससे इस ताल का नाम नचिकेता ताल पड़ा।

2.डोंडीताल-
यह ताल उत्तरकाशी जनपद के 30km दूर स्थित है
इस ताल के 6 कोने है।
इस ताल से असीमगंगा(भागीरथी की सहायक नदी) का उद्गम होता है।

3.केदारताल-
यह ताल उत्तरकाशी जनपद में गंगोत्री से 20Km दूरी पर स्थित है।
यह ताल थालैयासागर पर्वत श्रखंला पर स्थित है।
इस ताल से भागीरथी नदी की सहायक नदी केदारगंगा का उद्गम होता है

4.फाचकंडी ताल-
उत्तरकाशी जनपद में स्थित इस ताल का जल उबलता रहता है
5.देवताल
6.खिड़ा ताल
7.लामाताल
8.भराड़सरताल
9.बयाँ ताल
10.रोहिसाड़ा ताल

उत्तरकाशी में स्थित हिमनद, पर्वत शिखर, बुग्याल, प्रमुख घाटी, प्रमुख गुफा

उत्तरकाशी में स्थित हिमनद

क्रस.	ग्लेशियर	जनपद
1	बंदरपूंछ	उत्तरकाशी
2	गंगोत्री	राज्य का सबसे बड़ा ग्लेशियर
3	यमुनोत्री	उत्तरकाशी
4	चांगथांग-	उत्तरकाशी
5	चतुरंगी	उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में स्थित पर्वत शिखर-

केदारनाथ 6940
भागीरथी 6856
श्रीकंठ 6728
गंगोत्री 6672
मेरु पर्वत – 6640
यमुनोत्री 6400
मेरु पर्वत – 6331
बंदरपूंछ 6320
थलैया सागर पर्वत – 6904
भृगू पर्वत – 6041
जैलंग पर्वत- 5871

चमोली-उत्तरकाशी में स्थित पर्वत शिखर-

स्वर्गारोहनी 6252

उत्तरकाशी जनपद में स्थित बुग्याल

1.केदार काँठा 2.केदार खर्क 3.दयारा बुग्याल
4.तपोवन बुग्याल
5.कुश कल्याण 6.देवदामिनी 7.सोन गाड़
8.हर की दून 9.मानेग बुग्याल
10.पंवाली काँठा- यह टिहरी व उत्तरकाशी में स्थित है
11.देवक्यारा बुगयाल – 2019 में ट्रेक ऑफ द इयर घोषित

प्रमुख घाटी –

नेलंग घाटी –

उत्तरखंड का लदाख कहा जाता है
इसे पहाड़ का रेगिस्तान भी कहा जाता है

गरतांग गली सीढ़ी–

- यह नेलंग घाटी में स्थित है
- यहा पर लकड़ी का पुल है
- यह भारत व तिब्बत के मध्य व्यापार का मार्ग था
- इस गरतंग गली पुल को 1962 में बंद कर दिया था व 2021 में पर्यटकों के लिए खोल दिया गया

भैरो घाटी –

- भैरों घाटी के पास लंका नामक स्थान है
- भैरो घाटी के पास जाड़गंगा व भागीरथी नदी का संगम होता है

हर की दून घाटी –

हर की दून उत्तरकाशी में सूपिन नदी रेंज में स्थिर है

पुरोला घाटी –

पुरोला घाटी को कमल नदी का वरदान कहा जाता है

पुरोला को हर की दून का प्रवेश द्वार कहा जाता है

प्रमुख गुफा –

- प्रकटेश्वर पंचानन महादेव गुफा- उत्तरकाशी के ब्रह्मखाल के महर गाँव में स्थित
- मतंग गुफा – उत्तरकाशी के मालती गाँव में
- श्रंगी गुफा

राष्ट्रीय उद्यान व वन्य जीव विहार-

1. गोविंद राष्ट्रीय उद्यान-

- स्थापना- 1980
- स्थित- उत्तरकाशी
- क्षेत्रफल- 472 वर्ग Km
- प्रमुख जीव- भूरा भालू, हिम तेंदुआ, काला भालू, कस्तूरी मृग, मोनाल, आदि।

2.गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान-

- स्थापना-1989
  स्थित-उत्तरकाशी
  क्षेत्रफ़ल- 2390 वर्ग Km
- गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान राज्य का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
- प्रमुख जीव- हिम तेंदुआ, हिमालयन भालू, कस्तूरी मृग, भरल आदि।

3.गोविंद वन्य जीव विहार-

- स्थापना- 1955
- स्थित- उत्तरकाशी
- क्षेत्रफल- 485 वर्ग Km
- प्रमुख जीव- हिम बाघ(स्नो लैपर्ड), कस्तूरी मृग, गुलदार, कला व भूरा भालू , चकोर , गोल्डन ईगल, मोनाल, दाढ़ी वाले गिद्ध आदि।

प्रमुख संस्थान –

नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (Nehru Institute of Mountaineering)-

स्थापना- 14 नवंबर 1965

हिमालयन संग्रहालय – यह उत्तरकाशी जनपद में स्थित है

प्रमुख व्यक्तित्व

बछेन्द्री पाल- जन्म- 24 मई 1954
1984 में एवरेस्ट अभियान में शामिल
23 मई 1984 को बछेंद्रीपाल ने एवरेस्ट फतह की
एवरेस्ट पर चढ़ने वाले देश की पहली महिला

पुरस्कार-
पद्मश्री(1984)
अर्जुन पुरस्कार(1986)
भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा स्वर्ण पदक- 1984
नेशनल एडवेंचर अवार्ड- 1994
HNB से Phd मानद उपाधि- 1997
पदम् भूषण- 2019

मानसी जोशी – उत्तरकाशी क्रिकेट खिलाड़ी

समसामयिक घटनायें

उत्तरकाशी मेंपिरूल विधुत परियोजना शुरू की गयी -

- 30 सितम्बर 2020 को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत जी ने उत्तरकाशी जिले के डुंडा क्षेत्र के ग्राम चकोन धनारी में 25 लाख रुपये की लागत वाली 25 किलोवाट क्षमता की पिरूल (चीड की सूखी पत्तियां) से विद्युत उत्पादन की पहली परियोजना का लोकार्पण किया

उत्तराखंड ट्रेक ऑफ द ईयर 2019 -

- उत्तरकाशी जनपद के मोरी ब्लॉक में स्थित देवक्यारा बुग्याल को वर्ष 2019 का ट्रेक ऑफ द ईयर घोषित किया गया है।
- साहसिक पर्यटन व दूरस्थ गांवों को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ट्रेक ऑफ द ईयर योजना शुरू की गई

ट्रेक ऑफ द ईयर 2018- नामिक ग्लेशियर
ट्रेक ऑफ द ईयर 2017- द्रोणगिरि पर्वत

देश का पहला इनडोर स्पोर्ट क्लाइम्बिग सेंटर

- उत्तरकाशी में स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) में देश का पहला इनडोर स्पोर्ट क्लाइम्बिग सेंटर बन कर तैयार हो गया है
- यहां स्पोर्ट क्लाइम्बिग के प्रशिक्षण के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट क्लाइम्बिग स्पर्धाएं भी हो सकेंगी

अनामिका बिष्ट ने किया यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस का सफल आरोहण –

- उत्तरकाशी जनपद की पर्वतारोही अनामिका बिष्ट ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस का सफल आरोहण किया
- माउंट एलब्रुस की ऊंचाई 5642 मीटर है
- अनामिका बिष्ट ने 24 अगस्त 2021 को दोपहर एक बजे उन्होंने दो अन्य साथियों दिल्ली निवासी लेफ्टिनेंट रोमिल और बेंग्लुरु निवासी गायत्री के साथ सफल आरोहण किया

उत्तराखंड की यमुना घाटी से मिली सिंधु घाटी सभ्यता काल से जुड़ी प्रतिमा-

- दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की पहल पर पुरातत्व व इतिहास के शोधार्थियों ने उत्तरकाशी जिले में बर्नीगाड से लगभग दस किमी उत्तर-पूर्व में देवल गांव से पाषाण निर्मित महिष (भैंसा) मुखी चतुर्भुज मानव प्रतिमा खोज निकाली है।
- उत्तराखंड की यमुना घाटी में पहले भी सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े अवशेष मिल चुके हैं।
- यहां कालसी में अशोक के शिलालेख जगतग्राम व पुरोला में ईंटों से बनी अश्वमेध यज्ञ की वेदियां और लाखामंडल के देवालय समूह प्रसिद्ध हैं।

सविता कंसवाल ने माउंट मकालू का किया सफल आरोहण –

- उत्तरकाशी के लोंथरु गांव निवासी पर्वतारोही सविता कंसवाल ने माउंट एवरेस्ट के बाद 15 दिन के अंदर माउंट मकालू पर सफल आरोहण कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है।
- सविता कंसवाल ने 12 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया था।
- इसके बाद उन्होंने माउंट मकालू (8463 मीटर) पर आरोहण किया।
- 15 दिन के अंदर दोनों पर्वतों पर आरोहण कर उन्होंने नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया।

प्रशासनिक ढांचा

विधानसभा क्षेत्र -

उत्तरकाशी जनपद में कुल 3 विधानसभा सीट हैं

1.गंगोत्री 2.पुरोला(SC) 3.यमुनोत्री

विकासखंड -

1.चिन्यालीसौड़ 2. पुरोला 3.नोगांव

4.डुंडा 5.भटवाड़ी 6. मोरी

कुल जनसंख्या - 3,30,086

जनसंख्या घनत्व - 41(प्रति वर्ग KM में निवास करने वाले ब्यक्ति)

लिंगानुपात - 958

कुल साक्षरतादर - 75.81%

पुरुष साक्षरता - 88.79%

महिला साक्षरता - 62.35%

JARDHARI CLASSES

उत्तरकाशी जनपद MCQ

Q1.निम्न में से उत्तरकाशी में कौन सा सूर्य मन्दिर है
A.कुलसारी का सूर्य मंदिर
B.पलेठी का सूर्य मंदिर
C.रमकादित्य का सूर्य मंदिर
D.मंजियाली का सूर्य मंदिर

Ans-D

Q2.हर की दून का प्रवेश द्वार कहा जाता है
A.पुरोला
B.हर्षिल
C.बड़कोट
D.मोरी

Ans- A

Q3.पंचकोशी वारुणी यात्रा का सम्बंध किस जनपद से है
A.देहरादून
B.चमोली
C.उत्तरकाशी
D.अल्मोड़ा

Ans- C

Q4.हर की दून स्थित है
A.देहरादून
B.हरिद्वार
C.उत्तरकाशी
D.टिहरी

Ans-c

Q5.निम्न में से कौन सा दर्रा चमोली व उत्तरकाशी के मध्य है
A.कालिंदी दर्रा
B.नेलंग ला दर्रा
C.बाली पास दर्रा
D.मुलिंग ला

Ans- A

Q6.कमल नदी का वरदान किसे कहा जाता है
A.मोरी
B.नोगांव
C.पुरोला
D.नैटवाड़

Ans- C

Q7.कमलगाड़ किसकी सहायक नदी है
A.भागीरथी की
B.यमुना की
C.टोंस की
D.ऋषिगंगा की

Ans- B

Q8.उत्तरकाशी के पश्चिम में स्थित है
A.हिमाचल प्रदेश
B.देहरादून
C.टिहरी
D.चमोली

Ans- B

Q9.उत्तरकाशी में निम्न विधानसभा सीटों में से कौन सी एक सीट SC के लिए आरक्षित है
A.गंगोत्री
B.पुरोला
C.यमुनोत्री
D.इनमें से कोई नहीं

Ans- B

Q10.निम्न में से कौन सा ताल थलैयासागर पर्वत श्रंखला में स्थित है
A नचिकेता ताल
B.केदारताल
C.रोहिसाड़ा ताल
D.फाचकंडी ताल

Ans- B

Q11.चांगथांग ग्लेशियर किस जनपद में है
A.उत्तरकाशी
B.चमोली
C.बागेश्वर
D.पिथौरागढ़

Ans- A

Q12.उत्तरकाशी जनपद के जाड़ भोटिया जनजाति का प्रसिद्ध मेला है
A.बिस्सू मेला
B.अठोड़ मेला
C.लोसर मेला
D.गेंदुआ मेला

Ans- C

Q13.उत्तरकाशी जनपद उत्तराखंड के कितने जिलों से सीमा बनाता है
A.2
B.4
C.3
D.5

Ans- b

Q14.निम्न में से किस ताल का जल उबलता रहता है
A.फाचकंडी ताल
B.भराड़सरताल
C.रोहिसाड़ा ताल
D.डोंडीताल

Ans- A

Q15.निम्न में से कौन सा पर्वत उत्तरकाशी में नहीं है
A.थलैया सागर पर्वत
B.मेरु पर्वत
C.श्रीकंठ पर्वत
D.हाथी पर्वत

Ans- D

Q16.उत्तरकाशी जनपद की स्थापना कब हुई
A.1957
B.1949
C 1960
D.1962

Ans- c

Q17.उत्तरकाशी व चमोली को जोड़ने वाला दर्रा है
A.संगचोककला
B.थांगला दर्रा
C.बाली पास दर्रा
D.कालिंदी दर्रा

Ans- d

Q18.भैरोघाटी में भागीरथी से किस नदी का संगम होता है
A.केदारगंगा
B.अस्सी गंगा
C.वरुणा नदी
D.जाड़गंगा

Ans- D

Q19.निम्न में से उत्तरकाशी में कौन सा एक गरम पानी का कुंड है
A.नारद कुंड
B.गंगनानी कुंड
C.सप्तऋषि कुंड
D.B&C दोनों

Ans- B

Q20.मनेरी भाली परियोजना किस नदी पर बनी है
A.यमुना नदी
B.भागीरथी नदी
C.टोंस नदी
D.जाड़गंगा

Ans- b

Q21.उत्तराखंड के किस जनपद में सबसे कम महिला साक्षरता दर है
A.हरिद्वार
B.टिहरी
C.चम्पावत
D.उत्तरकाशी

Ans- d

Q22.निम्न में से किस बुग्याल को वर्ष 2019 में ट्रेक ऑफ द ईयर चुना गया
A केदार खर्क
B.देवक्यारा बुग्याल
C.पूठारा बुग्याल
D.पंवाली कांठा बुग्याल

Ans- B

Q23.विश्वनाथ मंदिर किस शैली में निर्मित है
A.पुष्पक शैली
B.कत्यूरी शैली
C.नागर शैली
D.शंकुधारी शैली

Ans- B

Q24.उत्तरकाशी में स्थित विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किसने कराया
A.खनेटी रानी
B.रानी कर्णावती
C.जिया कनकदेइ
D.इंदु मती शाह

Ans- A

Q25.निम्न में से कौन सा मेला ठोटा युद्ध(धनुष बाण युद्ध) से सम्बंद्धित है
A.बिस्सू मेला
B.अठोड़ मेला
C.लोसर मेला
D.गेंदुआ मेला

Ans- A

Q26.केदार कांठा बुग्याल किस जनपद में है
A.चमोली
B.उत्तरकाशी
C.पिथौरागढ़
D.रुद्रप्रयाग

Ans- B

Q27.उत्तराखंड का लद्दाख कहा जाता है
A.पुरोला
B.नेलंग घाटी
C.हर की दून
D.लुरोला घाटी

Ans- B

Q28.निम्न में से किस ताल से असीम गंगा का उद्गम होता है
A.नचिकेता ताल
B.केदारताल
C.डोंडी ताल
D.फाचकंडी ताल

Ans- C

Q29.जाद गंगा व भागीरथी का संगम कहाँ पर होता है
A.झाला
B.गंगोरी
C.गंगोत्री
D.भैरो घाटी

Ans- d

Q30.उत्तरकाशी जनपद में लंका जामक स्थान में भागीरथी नदी से किस नदी का मिलन होता है?
A.जान्हवी
B.गरुड़ गंगा
C.पाताल गंगा
D.भिलंगना

Ans- A

Q31.मतंग गुफा किस जनपद में है
A चमोली
B.टिहरी
C हरिद्वार
D.उत्तरकाशी

Ans- D

Q32.निम्न में से किस मंदिर का निर्माण गोरखा सेनापति अमरसिंह थापा ने कराया
A.यमुनोत्री
B.कल्पकेदार
C.दुर्योधन मंदिर
D.गंगोत्री मंदिर

Ans- d

Q33.धराशु से गंगोत्री को कौन सा राजमार्ग जोड़ता है
A.NH 34
B.NH 134
C.NH 107
D.NH 94

Ans- a

Q34.राज्य का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है
A.कार्बेट नेशनल पार्क
B.राजाजी नेशनल पार्क
C.गंगोत्री नेशनल पार्क
D.गोविंद नेशनल पार्क

Ans- C

Q35.नेहरु पर्वतारोहण संस्थान की स्थापना उत्तरकाशी में कब की गयी
A.14 नवंबर 1962
B.14 नवंबर 1963
C.14 नवंबर 1964
D.14 नवंबर 1965

Ans- D

Q36.गर्म कुंड सूर्य कुंड कहाँ स्थित है
A.गंगोत्री
B.यमुनोत्री
C.केदारनाथ
D.बद्रीनाथ

Ans- B

Q37.निम्न में से कौन सी नदी गंगोत्री धाम के निकट भागीरथी से संगम करती है
A.रुद्रगंगा
B.जाड़ गंगा
C.केदारगंगा
D.सिया गंगा

Ans- c

Q38.गरतांग गली कहाँ स्थित है
A.पुरोला
B.नेलंग घाटी
C.हर की दून
D.लुरोला घाटी

Ans- B

Q39.निम्न में से कौन सा बुग्याल उत्तरकाशी में नहीं है
A.मानेग बुग्याल
B.दयारा बुग्याल
C.केदार खर्क
D.बगजी बुग्याल

Ans- D

Q40.गोविंद राष्ट्रीय उद्यान किस जनपद में स्थित है
A.टिहरी
B.उत्तरकाशी
C.देहरादून
D.चमोली

Ans- b

Q41.ऋषिगंगा किस नदी की सहायक नदी है
A.यमुना नदी
B.भागीरथी नदी
C.टोंस नदी
D.इनमें से कोई नहीं

Ans- a

Q42.देवक्यारा बुग्याल किस जनपद में है
A.उत्तरकाशी
B.चमोली
C.रुद्रप्रयाग
D.टिहरी

Ans- A

Q43.पर्वतारोही बछेंद्री पाल को पदम् भूषण से कब सम्मानित किया गया
A.1984
B.2009
C.2019
D.2021

Ans- C

Q44.निम्न में से कौन सा बुग्याल उत्तरकाशी जनपद में नहीं है
A.दयारा बुग्याल
B.तपोवन बुग्याल
C.बर्मी बुग्याल
D.हर की दून बुग्याल

Ans- c

Q45.निम्न में से किस यात्रा का सम्बंध उत्तरकाशी से है
A.गुरु मणिकनाथ यात्रा
B.पंच कोशी वारुणी यात्रा
C.मनणा माई की जात
D.इनमें से कोई नहीं

Ans- b

Q46.संविता कंसवाल का सम्बंध है
A.बैडमिंटन
B.क्रिकेट
C.पर्वतारोहण
D.बॉक्सिंग

Ans- C

Q47.उत्तराखंड के किस जनपद में पिरूल विद्युत परियोजना शुरू की गयी
A.चमोली
B.उत्तरकाशी
C.देवप्रयाग
D.पिथौरागढ़

Ans- B

Q48.उत्तरकाशी का प्राचीन नाम है
A.सुदर्शन क्षेत्र
B.द्वारहाट
C.डोंडीहाट
D.बाड़ाहाट

Ans- D

Q49.हर की दून व यमुनोत्री को जोड़ने वाला दर्रा है
A.श्रृंगकण्ठ
B.बाली पास
C.कालिंदी
D.थांगला

Ans- b

Q50.अनामिका बिष्ट ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस का सफल आरोहण किया वे किस जनपद से हैं
A.चमोली
B.पिथौरागढ़
C.उत्तरकाशी
D.बागेश्वर

Ans- C

Q51.उत्तरकाशी जनपद किस पर्वत की गोद में बसा हुआ है
A.वरुणावत
B.ऐरावत
C.सुदर्शन
D.वराहवत

Ans- A

JARDHARI CLASSES

चमोली जनपद

चमोली का इतिहास

- ऋग्वेद के अनुसार जलप्रलय के बाद चमोली के माणा(प्राणा) गांव में सप्तऋषियों ने अपने प्राणों की रक्षा की व यहीं से पुनः सृष्टि का आरम्भ हुआ
- चमोली के माणा गांव में व्यासगुफा स्थित है मान्यता है कि इसी व्यास गुफा में वेदव्यास ने महाभारत कथा की रचना की
- चमोली का प्राचीन नाम लाल सांगा था
- चमोली में जोशीमठ नामक स्थान कत्यूरी राजाओं की प्रारम्भिक राजधानी थी
- पंवार वंश के संस्थापक कनकपाल ने चमोली के चाँदपुरगढ़ के शासक भानुप्रताप की पुत्री से विवाह कर चाँदपुरगढ़ में परमार वंश की नींव रखी

चमोली जनपद की स्थापना - 24 फरवरी 1960
मुख्यालय – गोपेश्वर

भौगोलिक स्थिति -
पड़ोसी जिले/राज्य/देश-
पूर्व - पिथौरागढ़, बागेश्वर
पश्चिम - उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग
उत्तर – चीन
दक्षिण- अल्मोड़ा, पोड़ी
चमोली जनपद राज्य के 6 जनपदों से सीमा बनाता है
क्षेत्रफल- 8030 वर्ग KM

National Highway (राष्ट्रीय राजमार्ग)-
NH 7 - दिल्ली-रुद्रप्रयाग-कर्णप्रयाग-बद्रीनाथ-माणा (Old Name- 58)
NH 109 - कर्णप्रयाग-आदिबद्री-गैरसैण-रानीखेत(अल्मोड़ा) old name- 87

प्रमुख पर्यटक स्थल

1.गोपेश्वर -

- गोपेश्वर 1970 में चमोली जिले का मुख्यालय बनाया गया
- गोपेश्वर में प्रसिद्ध गोपीनाथ मंदिर है
- मान्यताओं के अनुसार गोपेश्वर का नाम श्री कृष्ण के नाम पर पड़ा
- गोपेश्वर में वैतरणी कुंड(रति कुंड) स्थित है
- गोपेश्वर से कुछ दूर पर सगर गाँव हैं

2.जोशीमठ-

- जोशीमठ कत्युरी राजाओं की प्राचीन राजधानी है
- आदिगुरु शंकराचार्य जी ने यहाँ मठ की स्थापना की व इयका नाम श्रीमठ रखा लेकिन यहाँ पर उन्हें आत्मज्योति की प्राप्ति हुई इसलिये इस मठ का नाम ज्योतिर्मठ पड़ा
- आचार्य शंकराचार्य जी ने अपने शिष्य त्रोटकाचार्य को ज्योतिर्मठ का पहला शंकराचार्य प्रतिष्ठित किया
- यहीं पर आदि गुरु शंकराचार्य ने पूर्णगिरी देवी पीठ व नरसिंह मन्दिर की स्थापना की
- इसी नर्सिंग मंदिर में तिमुंडा मेले का आयोजन होता है
- बद्रीनाथ का शीतकालीन आवास जोशीमठ का नर्सिंग मंदिर है

3.गैरसैण -

- गैर सैण गढ़वाल एवं कुमाऊँ का केंद्र बिंदु है
- वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने सर्वप्रथम गैरसैंण को उत्तराखंड की राजधानी का प्रस्ताव रखा
- जुलाई 1992 में उत्तराखंड क्रांति दल ने गैरसैंण को उत्तराखंड की राजधानी घोषित किया
- 4 मार्च 2020 को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया
- मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने स्वंतत्रता दिवस पर 15 अगस्त 2020 को गैरसैंण में तिरंगा फहराया

5.कर्णप्रयाग-

- कर्णप्रयाग उत्तराखंड के पंच प्रयागों में से एक है
- यहाँ पर अलकनंदा एवं पिंडर नदी का संगम होता है
- कर्णप्रयाग कर्ण की तपस्थली है व यहाँ पर कर्ण मंदिर स्थित है।कर्णप्रयाग में उमा देवी मंदिर एक प्राचीन मंदिर है

4.ग्वालदम-

- ग्वालदम चाय व सेब की खेती के लिए प्रसिद्ध है
- 1970 में ग्वालदम में SSB प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गयी

6.माणा गांव-

- माणा गांव भारत का अंतिम सीमावर्ती गांव है जो बद्रीनाथ से 3-4 KM दूर स्थित है
- माणा गांव में केशव प्रयाग में सरस्वती एवं अलकनंदा नदी का संगम होता है
- माणा गांव में सरस्वती नदी पर दो विशाल शिलाओं से निर्मित भीम पुल भी है
- माणा गाँव मे ब्यास गुफा व मुचकुंद गुफा स्थित है
- ऋग्वेद के अनुसार जलप्रलय के बाद चमोली के माणा(प्राणा) गांव में सप्तऋषियों ने अपने प्राणों की रक्षा की व यहीं से पुनः सृष्टि का आरम्भ हुआ

7.ओली –

- चमोली जिले में स्थित औली स्कीइंग तथा अन्य साहसिक खेल के लिए प्रसिद्ध है
- औली में रज्जुमार्ग(औली परियोजना) का शुभारंभ जुलाई 1983में इंदिरा गांधी जी द्वारा किया गया ओली के पास गुरसो बुग्याल स्थित है
- औली में स्कीइंग खेल महोत्सव की शुरुआत- 1987

8.गोचर –

- गोचर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है
- गौचर मेला उत्तराखंड का प्रसिद्ध ऐतिहासिक ब्यवसायिक मेला है।
- इस मेले की शुरुआत 1943 में तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर बर्नेडी ने की
- इस मेले का आयोजन 14-20 नवम्बर को होता है।

प्रमुख मंदिर

पंच बद्री

1.बद्रीनाथ(विशाल बद्री)-

- बद्रीनाथ मंदिर उत्तराखंड के चार धामों में से एक है
- बद्रीनाथ मंदिर अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है
- पुराणों में बद्रीनाथ को योगसिद्धा, मुक्ति प्रदा, बद्रिकाश्रम, व विशाल बद्री कहा गया है
- बद्रीनाथ मंदिर नर एवं नारायण पर्वतों के मध्य में स्थित है
- आदि गुरु शंकराचार्य ने नारद कुंड से बद्रीनाथ मंदिर की मुख्य प्रतिमा को निकालकर यहाँ पर स्थापित कर मंदिर की स्थापना की थी
- बद्रीनाथ मंदिर का पुनः निर्माण पंवार वंश के राजा अजयपाल ने कराया
- बद्रीनाथ मंदिर को पूर्ण भव्य मंदिर बनाने का श्रेय कत्यूरी शासकों को जाता है
- बद्रीनाथ मंदिर के तीन भाग हैं- गर्भगृह, मंडप, सिंहद्वार
- गर्भगृह में भगवान विष्णु की शालिग्राम से निर्मित मूर्ति है
- बद्रीनाथ मंदिर के पुजारियों को रावल कहा जाता है
- बद्रीनाथ मंदिर शंकुधारी शैली से निर्मित है
- शीतकाल में बद्रीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने पर बद्रीनाथ की पूजा जोशीमठ स्थित नृसिंग मंदिर की जाती है

बद्रीनाथ मंदिर के निकट प्रमुख स्थल-

पंच शिलाएँ - गरुड़ शिला, नारद शिला, नृसिंह शिला, मार्कण्डेय शिला, ब्रह्मकपाल शिला

पंच कुंड- नारद कुंड, तप्त कुंड, मानुषी कुंड, त्रिकोण कुंड, सत्यपथ कुंड

पंच धाराएँ- उवर्शी धारा, इंदु धारा, भृगु धारा, कुर्म धारा, प्रहलाद धारा

प्रमुख गुफाएँ- स्कन्द गुफा, गरुड़ व राम गुफा

2.आदि बद्री-

- यह मंदिर कर्णप्रयाग के निकट स्थित है
- यहाँ पर 16 छोटे मंदिरों का समूह था
- नोठा कोथिग यहीं पर आयोजित किया जाता है

3.भविष्य बद्री-

- यह मंदिर जोशीमठ से 17-18 KM दूर तपोवन के आगे सुभई गांव में स्थित है
- यहाँ भगवान विष्णु की आधी आकृति की मूर्ति नजर आती है

4.वृद्ध बद्री-

- यह मंदिर जोशीमठ से 7 KM दूर अनीमठ नामक स्थान पर स्थित है
- मान्यता है कि भगवान विष्णु ने नारद मुनि को यहाँ पर वृद्ध रूप में दर्शन दिए

5.योगध्यान बद्री-

- यह मंदिर जोशीमठ से 24KM दूर पांडुकेश्वर में स्थित है
- यहाँ पर पांडवों के पिता महाराज पांडु ने तपस्या की थी

पंच केदारों में से दो केदार चमोली जनपद में है

1.रुद्रनाथ-

- चमोली में स्थित यह मंदिर पंच केदारों में से चौथा केदार है
- रुद्रनाथ मंदिर में भगवान शिव के रौद्र मुख की पूजा होती है

- शीतकाल में रुद्रनाथ मंदिर का पूजा स्थल गोपेश्वर का गोपीनाथ मंदिर है

2.कल्पेश्वर -

- चमोली की उर्गम घाटी में स्थित यह मंदिर पंच केदारों में से अंतिम केदार है
- इस मंदिर में भगवान शिव की जटाओं की पूजा होती है

- इस मंदिर के कपाट वर्षभर खुले रहते हैं

कुछ अन्य महत्वपूर्ण मंदिर -

1.अनुसूया देवी मंदिर-

- यह मंदिर गोपेश्वर से 13 KM दूर मंडल से कुछ दूरी पर स्थित है
- अनुसूया देवी मंदिर के निकट अत्रि मुनि का आश्रम भी है
- इस मंदिर में प्रतिवर्ष दत्तात्रेय जयंती सामारोह मनाया जाता है

2.गोपीनाथ मंदिर- गोपेश्वर

3.पूर्णागिरि देवी मंदिर - जोशीमठ

4.नृसिंग मंदिर - जोशीमठ

5.कर्ण मंदिर - कर्णप्रयाग

6.उमा देवी मंदिर - कर्णप्रयाग

7.लव कुश मंदिर

8.कुलसारी का सूर्य मंदिर-

9.लाटू देवता मंदिर-

- यह मंदिर चमोली के देवाल ब्लॉक के वाण नामक स्थान पर स्थित है
- लाटू देवता की पूजा पुजारियों द्वारा आँखों में पट्टी बांधकर की जाती है

चमोली जनपद MAP 1



चमोली के प्रसिद्ध मेले

1).गोचर मेला -

- यह मेला चमोली जनपद के गोचर में लगता है।
- यह उत्तराखंड का प्रसिद्ध ऐतिहासिक ब्यवसायिक मेला है।
- इस मेले की शुरुआत 1943 में तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर बर्नेडी ने की
- इस मेले का आयोजन 14-20 नवम्बर को होता है।

2).हरियाली पूड़ा मेला-

- यह मेला चमोली जनपद के नोटी गांव में चैत्रमास के पहले दिन लगता है
- यह मेला मुख्य रूप से ध्याणियों(विवाहित कन्याओं) का उत्सव होता है क्योंकि इस गांव के लोग नंदादेवी को ध्याणी मानते हैं।

3).तिमुण्डा मेला-

- यह मेला प्रतिवर्ष चमोली जनपद के जोशीमठ में नर्सिंग मन्दिर में बद्री नाथ के कपाट खुलने से पूर्व आयोजित किया जाता है।
- प्रसिद्धि- तिमुण्डा वीर का पश्वा बकरी का कच्चा मांस, कच्चा चावल, गुड़ व तीन घड़े पानी पी जाता है।

4).नोठा कौथिग-

- यह कौथिग चमोली जनपद के नोठा में आदिबद्री मन्दिर में बैशाख व ज्येष्ठ में लगता है।

5.अठवाड़ का मेला-

6.कुलसारी मेला- थराली ब्लॉक के कुलसारी में आयोजित

7.उमा कर्ण महोत्सव- चमोली के कर्णप्रयाग

9.रम्माण महोत्सव-

- रम्माण महोत्सव चमोली जिले के सलूड़ गाँव में प्रतिवर्ष अप्रैल माह में 11-13 दिन तक आयोजित किया जाता है
- रम्माण महोत्सव में मुखोटा नृत्य किया जाता है
- रम्माण उत्सव में रामायण पाठ किया जाता है

रम्माण महोत्सव में किए जाने वाले प्रमुख नृत्य-

1.माल-मल्ल
2.म्योर-मुरैण
3.कुरु जोगी
4.बण्या-बण्याण

रम्माण महोत्सव से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्य-

- वर्ष 2008 में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने दिल्ली में रम्माण उत्सव का आयोजन किया
- 2 अक्टूबर 2009 को यूनेस्को ने रम्माण को विश्व धरोहर घोषित किया
- 2016 में गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्तराखंड राज्य की ओर से रम्माण की झांकी प्रदर्शित की गयी

चमोली जनपद की प्रमुख यात्रा-

1.नंदादेवी राजजात यात्रा-

- नंदा देवी यात्रा प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित की जाती है
- नंदा देवी राजजात यात्रा चमोली के कासुवा गाँव के पास स्थित नोटी से शुरू होती है व होमकुंड तक पहुँचती है
- यह यात्रा 280 KM की है जो 19-20 दिन में पूरी की जाती है
- नंदा देवी राजजात यात्रा में चार सींग वाला खाडू(चौसिंग्या खाडू) यात्रा में शामिल किया जाता है
- नंदा देवी राजजात यात्रा नोटी से प्रारम्भ होती है व अंतिम पड़ाव होमकुण्ड में समाप्त होती है यहाँ से चौसिंग्या खाडू अकेले हिमालय की और निकल जाता है व अन्य लोग दूसरे रास्ते से वापस आ जाते हैं
- होमकुंड त्रिशूल पर्वत की तलहटी में बसा हुआ है
- नंदादेवी राजजात यात्रा का नेतृत्व कासुआँ गाँव के राजकुँवर करते हैं जो कि अपने को गढ़वाल नरेश अजयपाल के छोटे भाई का वंशज मानते हैं

प्रमुख दर्रे/ नदी तंत्र/ प्रमुख झील व ताल/ परियोजनाएँ

प्रमुख दर्रे

चमोली-तिब्बत(चीन) के बीच स्थित दर्रे-

1.बालचा दर्रा, 2.माणा दर्रा(डूंगरी ला) 3.किंगरी बिंगरी 4.घाटरालिया 5,कोई दर्रा 6.म्युडार दर्रा 7.नीति दर्रा 8.शलशला दर्रा 9.तन्जुन दर्रा 10.लमलंग दर्रा 11.चोरहोती दर्रा

चमोली-पिथौरागढ़ के बीच स्थित दर्रे-

1.लातु धुरा 2.बाराहोती दर्रा 3.मार्च योक 4.टोपी धुरा

चमोली- उत्तरकाशी के बीच स्थित दर्रे-

1.कालिंदी दर्रा

चमोली-बागेश्वर के बीच स्थित दर्रे-

1.सुन्दरढूंगा

चमोली जनपद नदी तंत्र

अलकनन्दा नदी तंत्र - अलकनंदा नदी को पौराणिक ग्रंथों में देवनदी भी कहा जाता है। अलकनंदा का उदगम चमोलो जिले के उत्तरी भाग में स्थित संतोपथ हिमनद और संतोपथ ताल(क्षीर सागर) से होता है

उद्गम स्थल से देवप्रयाग तक अलकनन्दा नदी की लंबाई 195Km है

अलकनंदा की प्रमुख सहायक नदियां

1.सरस्वती नदी-

उद्गम स्थल - देवताल झील से

अलकनंदा सेसंगम - केशव प्रयाग में

सरस्वती नदी पर दो बड़े पत्थरों से निर्मित भीम पुल है माना जाता है कि स्वर्ग जाते समय भीम ने इस पुल को दो विशाल शिलाओं द्वारा बनाया

2.ऋषिगंगा-
उद्गम स्थल- नीलकंठ पर्वत
अलकनंदा से संगम- बद्रिनाथ
संतोपथ हिमनद से बद्रिनाथ धाम तक
अलकनन्दा की लंबाई-20-22 Km

3.लक्ष्मण गंगा/हेमगंगा-
उद्गम स्थल:- हेमकुंड ग्लेशियर के निकट से
अलकनंदा से संगम:- गोविंद घाट
लक्ष्मण गंगा की प्रमुख सहायक नदी पुष्पावती है जो कि घांघरिया नामक स्थान पर लक्ष्मण गंगा से मिलती है

4.पश्चिमी धौलीगंगा:-

- उद्गम स्थल:- धोलोगिरी श्रेणी(नीति दर्रा)
  अलकनंदा से संगम:- विष्णुप्रयाग
- पश्चिमी धौलीगंगा की प्रमुख सहायक नदियां:- ऋषिगंगा, गणेश गंगा, गिरथी गंगा
- ऋषिगंगा रैणी गांव में पश्चिमी धौलीगंगा से मिल जाती है
- पंच प्रयागों मे विष्णुप्रयाग एकमात्र ऐसा प्रयाग है जो बिना आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है

5.विरही गंगा,पाताल गंगा व गरुड़ गंगा: - ये तीनों नदियां जोशीमठ में अलकनंदा में मिल जाती है

6.बालखिल्य नदी-
उद्गम स्थल- तुंगनाथ, रुद्रनाथ श्रेणी से
संगम- अलकापुरी में अलकनन्दा से
बालखिल्य नदी की प्रमुख सहायक नदी- अमृत गंगा

7.नन्दाकिनी -
उद्गम - नंदा घुँघटि हिमनद से
संगम:- नंदप्रयाग में अलकनंदा से
नन्दाकिनी की प्रमुख सहायक नदी- चुपलागाड , गोरी नदी, मोलागाड़

8.पिंडर नदी:-
उद्गम स्थल- पिण्डारी ग्लेशियर(बागेश्वर)
संगम- कर्णप्रयाग में अलकनंदा से
पिण्डर नदी की प्रमुख सहायक नदियां:-
अटागाड़,प्राणमती, ज्ञानगंगा,
पिण्डर नदी को कर्णगंगा के नाम से भी जाना जाता है

चमोली जनपद के प्रमुख झील व ताल

1.रूपकुंड-

- यह ताल चमोली जनपद के थराली विकासखंड में स्थित है।
- इस ताल को कंकालीताल या रहस्यमयी ताल भी कहा जाता है।
- इस ताल से आज भी कंकाल प्राप्त होते हैं
- इस ताल के निकट त्रिशूल व नंदाघुँघटि पहाड़ी स्थित है।

2.होमकुंड-

- यह ताल चमोली में रुपकुंड से 17km आगे है।
- नंदा का डोला इसी ताल के निकट स्थित चबूतरे पर रखा जाता है व इसी स्थान से नंदा राजजात यात्रा में चार सिंह वाला खाडू अकेला आगे जाता है।

3.हेमकुंड(लोकपाल)-

- चमोली में स्थित इस ताल के किनारे सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने तपस्या की थी।
- इस ताल के निकट एक गुरुद्वारा(हेमकुंड साहिब) स्थित है।
- इसी ताल के किनारे लक्ष्मण जी का प्राचीन मंदिर स्थित है।
- इसी ताल से लक्ष्मण गंगा(अलकनंदा की सहायक नदी) का उद्गम होता है।
- यह ताल 7 पर्वतों से घिरा है।

4.संतोपथ ताल-

- यह चमोली में बद्रीनाथ से 21km दूर स्थित है।
- इसी ताल से अलकनंदा नदी का उद्गम होता है।
- इस ताल के तीन कोण हैं माना जाता है कि इन तीन कोणों पर ब्रह्मा विष्णु महेश ने तपस्या की थी
- इस ताल के निकट सूर्यकुंड व चंद्रकुण्ड नामक दो कुंड हैं।

चमोली जनपद के अन्य महत्वपूर्ण ताल

1.होमकुण्ड ,2.संतोपथ ताल, 3.विरही ताल, 4.विष्णुताल 5.लोकपाल(हेमकुंड) 6.सिद्धताल 7.लिंगताल 8.मणिताल 9.झलताल 10.आछरिताल 11.सूखाताल 12.गोहनाताल 13.मातृकाताल 14.काकभुशांडिताल 15.बेनिताल 16.नरसिंह ताल 17.गुडयार ताल

चमोली में स्थित प्रमुख जल विद्युत परियोजनाए

	राजवक्ती जल विद्युत परियोजना	नंदाकिनी नदी
	विष्णुगाड़ पीपलकोटी परियोजना	अलकनंदा नदी
	देवसारी बांध परियोजना	पिंडर नदी
	मेलखेत बांध परियोजना	पिंडर नदी
	मलेरी झेलम - तमक परियोजना	पश्चिमी धौलीगंगा
	उर्गम परियोजना	कल्पगंगा
	गोहना ताल परियोजना	विरही गंगा
	बनाला परियोजना	नंदाकिनी नदी
	बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना	अलकनंदा
	नंद प्रयाग लंगाशु जल विद्युत परियोजना	अलकनंदा

	ऋषिगंगा परियोजना	ऋषिगंगा

चमोली **में स्थित हिमनद**

क्र.स	**ग्लेशियर**	**जनपद**
1	संतोपथ	चमोली
2	भागीरथी	चमोली
3	बद्रीनाथ	चमोली
4	दुनागिरी	चमोली
5	हिपराबमक	चमोली

Short Trick-

चमोली के संत भागे बद्रीनाथ से दूर हिमालय

चमोली संतोपथ भागीरथी बद्रीनाथ दुनागिरी हिपराबमक

चमोली में स्थित बुग्याल

क्र. सं	बुग्याल	स्थित		बुग्याल
1.	वेदनी बुग्याल	यह बुग्याल रूपकुंड मार्ग पर स्थित है	**9.**	रताकोण बुग्याल
2.	अली बुग्याल	यह बुग्याल वेदनी बुग्याल के निकट स्थित है	10.	लक्ष्मीवन बुग्याल
3.	संतोपथ बुग्याल	यह बुग्याल माणा गांव के ऊपर स्थित है	11.	फूलों की घाटी
4.	पुंग बुग्याल	यह बुग्याल गोपेश्वर-रुद्रनाथ मार्ग में स्थित है	12.	नंदकानन बुग्याल
5.	कैला बुग्याल	यह बुग्याल बद्रीनाथ के चारों और फैला हुआ है		ल्वीटी बुग्याल
6.	ओली बुग्याल		13.	पनार बुग्याल
7.	गुरसो बुग्याल		14.	बगजी बुग्याल
8.	घसतोली बुग्याल			

प्रमुख पर्वत श्रेणी

1.नंदादेवी पश्चिमी - यह उत्तराखंड की सबसे ऊंची (7817 मीटर) चोटी है

2.कामेट- यह उत्तराखंड की दूसरी सबसे ऊंची (7756 मीटर) चोटी है।

3.नंदादेवी पूर्वी- 7434

4.माणा - 7272 मीटर

5.बद्रिनाथ 7,140 मीटर

6.चौखम्बा 7,138m

7.त्रिशूल 7,120 m

8.संतोपथ 7,084m

9.द्रोणागिरी 7066 m

10.गंधमादन 6984m

11.कालोंका 6931m

12.हाथीपर्वत 6727m

13.देवस्थान 6,678m

14.नन्दाखाट 6674m

15.नीलकंठ 6597m

16.नंदाघुँघटि 6309m

17.गौरी 6250m

18.नारायण पर्वत 5965m

19.नरपर्वत 5831m

प्रमुख घाटियां व गुफा

प्रमुख घाटियां –

1.चिनाप घाटी –

चमोली के जोशीमठ से कुछ दूर स्थित हरी भरी घाटी जहां रंग बिरंगे फूल खिले रहते हैं

इस घाटी को चमोली की दूसरी फूलों की घाटी भी कहा जाता है

2.उर्गम घाटी

3.नीति घाटी -

प्रसिद्ध गुफा –

व्यास गुफा,गणेश गुफा, स्कन्द गुफा व मुचकुंद गुफा बद्रीनाथ के पास स्थित है

टिमरसैण गुफा- चमोली की नीति घाटी में टिमरसैण में भगवान शिव की गुफा है

चमोली में स्थित प्रमुख ठंडे व गर्म कुंड

ठंडे कुंड

1.बैराश कुंड - यह नंदप्रयाग के दशोली में स्थित है

2.वेदिनी कुंड- नंदा देवी राजजात यात्रा पर वेदनी बुग्याल में स्थित है

3.बैतरणी कुंड() –

यह कुंड गोपेश्वर में स्थित है।

इस कुंड को रति कुंड भी कहा जाता है

4.ऋषिकुंड -

5.होमकुंड – नंदा देवी राजजात यात्रा का अंतिम पड़ाव यहीं तक होता है

यह त्रिसुल पर्वत व नंदा देवी पर्वत के समीप स्थित है

6.हेमकुंड(लोकपाल)

यहाँ पर लक्ष्मण मंदिर स्थित है

सिक्खों के 10वें गुरु गुरुगोविंद सिंह जी ने यहीं पर तपस्या की थी

7.सप्तकुण्ड 8.नंदी कुंड 9.गोरी कुंड 10.रूप कुंड 11.सूर्यकुंड 12.चंद्रकुण्ड

13.उवर्शी कुंड- बद्रीनाथ के समीप

14.त्रिकोण कुंड 15.मानुषी कुंड 16.सत्यपथ कुंड

गर्म कुंड-

1.तप्त कुंड – बद्रीनाथ मार्ग पर स्थित है

2.भापकुंड- जोशीमठ से 18km दूर स्थित

3.नारदकुंड- बद्रीनाथ मार्ग में तप्त कुंड के नजदीक स्थित

आदि गुरु शंकराचार्य ने इसी कुंड से भगवान विष्णु की मूर्ति निकाली

जल प्रपात –

वसुधारा जलप्रपात – यह अलकनंदा नदी पर स्थित है

राष्ट्रीय उद्यान व वन्य जीव विहार

1.नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान

- स्थापना- 1982
- स्थित- चमोली
- क्षेत्रफल- 624 वर्ग Km
- मुख्यालय- जोशीमठ
- प्रमुख जीव- हिमालयन भालू, मोनाल, कस्तूरी मृग आदि।
- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान को 1988 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया।

2.फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान-

- स्थापना- 1982
- स्थित- चमोली
- क्षेत्रफल- 87.5 वर्ग Km
- मुख्यालय- जोशीमठ
- फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान राज्य का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है
- फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान को 2005 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया था।
- फूलों की घाटी की खोज 1931 में फ्रैंक स्माइथ ने की।
- प्रमुख जीव- कस्तूरी मृग, गुलदार, भरल, हिमालयन भालू आदि।

3.केदारनाथ वन्य जीव विहार-

- स्थापना- 1972
- स्थित- चमोली-रुद्रप्रयाग
- क्षेत्रफल- 957 वर्ग km
- प्रमुख वन्य जीव - स्नो लैपर्ड, हिमालयन भालू, कस्तूरी मृग, जंगली सुअर।
- यह उत्तराखंड का सबसे बड़ा वन्य जीव विहार है ।

जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र(Biosphere reserves)

- नंदा देवी जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र(Biosphere reserves)
- स्थापना- 1988
- स्थित-चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़
- क्षेत्रफल- 5860.6 वर्ग किमी
- नंदा देवी बायोस्फियर रिजर्व में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान व फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं
- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान को 1988 में व फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान को 2005 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया।

चमोली में स्थित प्रमुख संस्थान

1.जड़ी बूटि शौध एवं विकास संस्थान

- स्थापना -1989
- स्थित(गोपेश्वर(चमोली -

2.उत्तराखंड बोली भाषा संस्थान-
स्थित - गौचर चमोली
स्थापना – 2016

3.उत्तराखंड राजकीय विधि कॉलेज(Uttarakhand Government Law College)- गोपेश्वर(चमोली)

प्रमुख व्यक्ति

अनुसुइया प्रसाद बहुगुणा

जन्म - 18 फरवरी 1864 नंदप्रयाग चमोली
निधन -23 मार्च 1943

- अनुसुइया प्रसाद बहुगुणा को गढ़केशरी के नाम से जाना जाता है

- 1918 में गढ़वाल कांग्रेस की स्थापना में मुख्य योगदान
- 1919 को कांग्रेस के अमृतसर अधिवेशन में बैरिस्टर मुकंदी लाल व अनुसुइया प्रसाद बहुगुणा ने भाग लिया था
- 1921 में गढ़वाल युवा सम्मेलनश्रीनगर) का अध्यक्ष चुना गया)
- 23 मार्च 1943 में अनुसुइया प्रसाद बहुगुणा का निधन हुआ

चंडी प्रसाद भट्ट

जन्म - 23 जनवरी 1934 गोपेश्वर(चमोली)

1956 में चंडी प्रसाद भट्ट की भेंट सर्वोदयी नेता जयप्रकाश नारायण से हुई
1964 में गोपेश्वर में 'दशोली ग्राम स्वराज संघ' की स्थापना की
चंडी प्रसाद भट्ट ने 'दाल्यो का दगड्या'संगठन की स्थापना की

प्रमुख पुरस्कार - 1982 - रैमन मैग्सेसे पुरस्कार
1986 - पदम् श्री
1987 - ग्लोबल 500 पुरस्कार
1991 - इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार
2005 - पदम् भूषण पुरस्कार
2008 - G.B पंत कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान में डॉ की उपाधि दी गयी
2010- Real Hero lifetime Achievement Award
2013 - गांधी शांति पुरस्कार
31 अक्टूबर 2019 - 31 वां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार

गौरा देवी(चिपको वूमेन)

जन्म - 1925 (लाता गांव चमोली

निधन - 4 जुलाई 1991

पिता - नारायण सिंह

पति - मेहरबान सिंहरैणी)

(गांव

- 1972 में गौरा देवी रैणी गांव की महिला मंगल दल की अध्यक्ष चुनी गयी
- 26 मार्च 1974 - रैणी गांव में चिपको आंदोलन की सूत्रकर्ता
- 1986 - प्रथम वृक्ष मित्र पुरस्कार से सम्मानित

कल्याण सिंह रावत

उपनाम – मैती

जन्म – 19 अक्टूबर 1953 चमोली बैनोली)

(गाँव

पिता - त्रिलोक सिंह रावत

माता - विमला देवी

पत्नी - श्रीमती मंजू रावत

- 1974 में कल्याण सिंह रावत ने हिमालय वन्यजीव संस्थान की
- 1987 राजगढ़ी रंवाई घाटी में स्कूली बच्चों के साथ मिल कर उत्तराखंड शिक्षा विभाग की सबसे बड़ी नर्सरी बनाई थी
- 1995 में कल्याण सिंह रावत द्वारा मैती आन्दोलन की शुरवात ग्लवादम चमोली से की गयी

समसामयिक घटना

चमोली में बना उत्तर भारत का पहला ऑर्किड पार्क -

- उत्तराखंड वन विभाग की शोध शाखा की ओर से ऑर्किड के संरक्षण के लिए चमोली जिले में गोपेश्वर के समीप खल्ला गांव में ऑर्किड पार्क स्थापित किया गया है
- यह ऑर्किड पार्क उत्तर भारत का पहला पार्क है जो खल्ला गांव में है
- 30 जुलाई को वन शोध शाखा के मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी और वानस्पतिक सर्वे ऑफ इंडिया के संयुक्त निदेशक डॉ. एसके सिंह ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया
- इस पार्क का मुख्य उद्देश्य राज्य में आर्किड के संरक्षण व स्वरोजगार उपलब्ध कराना है

प्रसिद्ध साहित्यकार शिवराज सिंह रावत निस्संग का हुआ निधन –

उत्तराखंड के चमोली जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार शिवराज सिंह रावत का 2 जून 2021 को निधन हो गया

प्रमुख रचनाऐ-

- पेशावर गोली कांड का लोहा पुरुष
- उत्तराखंड में नंदा जात
- सृष्टि का रहस्य

उत्तराखंड के माणा में देश का सबसे अधिक ऊंचाई वाला हर्बल गार्डन विकसित किया गया-

- भारत का सबसे ऊंचा हर्बल गार्डन चमोली जिले के अंतगर्त माणा गांव के निकट समुद्रतल से 11000 फ़ीट की ऊंचाई पर बनाया गया है21 अगस्त 2021 को देश के सबसे ऊँचे हर्बल गार्डन को देश को समर्पित किया गया है , इस अवसर पर माणा गांव के सरपंच पीतांबर मोलपा द्वारा इसका विधिवत रूप से उद्घाटन किया है
- 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस हर्बल गार्डन में सभी 40 प्रजातियां दुर्लभ श्रेणी की हैं
- हर्बल गार्डन को चार भागों में विभाजित किया गया है, जिसमे पहला भाग में, भगवान बद्री विशाल से सम्बंधित प्रजातियों को संरक्षित किया गया है
- हर्बल गार्डन के दूसरे भाग में, अष्टवर्ग जड़ीबूटी समूह की आठ प्रजातियों को - गया है संरक्षित किया
- तीसरे भाग में, सौसुरिया कुल से सम्बंधित पादप व प्रजातियां संरक्षित हैं
- हर्बल गार्डन के चौथे भाग में, अल्पाइन श्रेणी की दुर्लभ प्रजातियों को सम्मिलित किया गया है

चमोली जनपद के विकासखंड घाट का नाम बदलकर नंदानगर रखा गया -

- उत्तराखंड चमोली जनपद के विकासखंड घाट का नाम बदलकर नन्दानगर कर दिया गया है।
- अभिलेखों में यह नया नाम 1 अप्रैल 2022 से प्रभावी होगा
- उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016 की भागअध्याय नौ की -तीन- -धारा50 (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल ने चमोली जिले के विकासखण्ड घाट का नाम बदलकर विकासखण्ड “नन्दानगर” के रूप में परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की

डॉ वेणीराम अंथवाल . –

- डॉ. वेणीराम अंथवाल की पुस्तक 'औखाण' को एशिया व इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है-
- पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. वेणीराम अंथवाल की पुस्तक उत्तराखंड की समृद्ध परंपरा 'औखाण' को एशिया बुक ऑफ रिकार्ड तथा इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है।
- पुस्तक के रचियता डॉ. वीआर अंथवाल मूल रूप से ग्राम-अंथवालगांव (टिहरी गढ़वाल) के मूल निवासी हैं

प्रशासनिक ढांचा

विधानसभा सीटें-
1.बद्रीनाथ
2.कर्णप्रयाग
3.थराली - SC आरक्षित सीट

तहसील- चमोली जनपद में कुल 12 तहसील हैं
1.चमोली 2.जोशीमठ 3.पोखरी 4.कर्णप्रयाग 5.गैरसैण 6.थराली 7.देवाल 8.नारायणबगड़ 9.आदिबद्री 10.जिलासू 11.नंदप्रयाग 12.घाट

विकासखण्ड-
1.कर्णप्रयाग 2.जोशीमठ 3.गैरसैंण 4.थराली 5.नारायणबगड़ 6.पोखरी 7.देवाल 8.घाट 9.दशोली

जनसंख्या- 3,91,605
जनघनत्व- 49
लिंगानुपात - 1019
साक्षरता दर - 82.65%
पुरुष साक्षरता - 93.40%
महिला साक्षरता - 72.32%
दशकीय वृद्धि - 5.74%

Note- Jardhari Classes के सभी नोट्स व E-BOOK के लिये Google पर सर्च करें – Jardhariclasses.in

YouTube

https://youtube.com/c/JARDHARICLASSES

JARDHARI CLASSES

चमोली जनपद MCQ

Q1.निम्न में से कौन सा पर्वत चमोली जनपद में है
A.पंचाचूली पर्वत
B.नीलकंठ पर्वत
C.बिल्ब पर्वत
D.भृंग पर्वत

Ans- B

Q2.चमोली जनपद का मुख्यालय कहाँ है
A.चमोली
B.गौचर
C.गोपेश्वर
D.कर्णप्रयाग

Ans-C

Q3.निम्न में से चमोली-तिब्बत(चीन) के बीच स्थित दर्रा है
A.कालिंदी दर्रा
B.मार्चयोक
C.चोरहोती
D.बाराहोती

Ans-C

Q4.जड़ी बूटि विकास शोध संस्थान कहाँ स्थित है
A.गोचर
B.जोशीमठ
C.गोपेश्वर
D.ग्वालदम

Ans- C

Q5.ओली के पास निम्न में से कौन सा बुग्याल स्थित है
A.घसतोली बुग्याल
B.पनार बुग्याल
C.गुरसो बुग्याल
D.पुंग बुग्याल

Ans- C

Q6.भारत का अंतिम सीमावर्ती गांव है
A.रैणी गांव
B.माणा गांव
C.गम्शाली
D.ग्वालदम

Ans – B

Q7.चमोली जनपद में स्थित गर्म कुंड है
A.गंगनानी कुंड
B.तप्त कुंड
C.गौरीकुण्ड
D.भौरी अमोला कुंड

Ans – B

Q8.वैतरणी कुंड कहाँ है
A.जोशीमठ
B.गोपेश्वर
C.कर्णप्रयाग
D.ग्वालदम

Ans- B

Q9.ग्वालदम में SSB प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना कब की गयी
A.1968
B.1969
C.1970
D.1971

Ans- C

Q10.नोठा कौथिग सम्बंधित है
A.विशाल बद्री से
B.आदि बद्री से
C.योगध्यान बद्री से
D.वृद्ध बद्री से

Ans - B

JARDHARI CLASSES

Q11.सुंदरढुंगा दर्रा स्थित है
A.चमोली-उत्तरकाशी
B.चमोली-बागेश्वर
C.चमोली-पिथौरागढ़
D.चमोली-अल्मोड़ा

Ans- B

Q12.बद्रीनाथ मंदिर के निर्माण के लिए किस कत्यूरी शासक ने भूमि दान की
A.ललित सूर देव
B.बसंत देव
C.असान्तिदेव
D.सुभिक्ष राज देव

Ans- A

Q13.बद्रीनाथ मंदिर किस शैली से बना है
A.कत्यूर शैली
B.हूण शैली
C.शंकुधारी शैली
D.द्रविण शैली

Ans- C

Q14.राज्य की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है
A.कामेट
B.त्रिशूल
C.चंगोरी
D.नंदा देवी

Ans- D

Q15.आदिगुरु शंकराचार्य जी ने बद्रीनाथ में स्थापित मूर्ति को किस कुंड से निकाला था
A.नारद कुंड
B.तप्त कुंड
C.गौरीकुंड
D.होमकुंड

Ans- A

Q16.औली रज्जुमार्ग का शुभारंभ कब किया गया
A.1982
B.1983
C.1984
D.1986

Ans- B

Q17.गोचर मेले की शुरुआत किसके द्वारा की गयी
A.कैप्टन यंग
B.जॉन फिलिप
C.बर्नेडी
D.ट्रेल

Ans- C

Q18.दो विशाल शिलाओं से निर्मित महाभारत कालीन भीम पुल कौन सी नदी पर है
A.सरस्वती नदी
B.ऋषिगंगा
C.अलकनंदा
D.लक्ष्मण गंगा

Ans – A

Q19.नंदादेवी राजजात यात्रा के अंतिम पड़ाव में नंदादेवी का डोला किस ताल के निकट रखा जाता है
A.हेमकुंड
B.होमकुंड
C.मातृकाताल
D.आछरिया ताल

Ans – B

Q20.निम्न में से किस मंदिर में भगवान विष्णु की आधी मूर्ति नजर आती है
A.विशाल बद्री
B.आदि बद्री
C.भविष्य बद्री
D.योगध्यान बद्री

Ans- C

Q21.रुद्रनाथ मंदिर का शीतकालीन आवास है
A.जोशीमठ
B.गोपेश्वर
C.उखीमठ
D.मक्कू मठ

Ans- B

Q22.निम्न में से कौन से मंदिर में विष्णु भगवान की आधी आकृति की मूर्ति है
A.आदि बद्री
B.भविष्य बद्री
C.विशाल बद्री
D.वृद्ध बद्री

Ans- B

Q23.कल्पेश्वर मंदिर में भगवान शिव के किस भाग की पूजा होती है
A.मुख
B.नाभि
C.जटा
D.भुजा

Ans – C

Q24.उर्गम घाटी किस जनपद में है
A.उत्तरकाशी
B.रुद्रप्रयाग
C.टिहरी
D.चमोली

Ans- D

Q25.तन्जुन दर्रा स्थित है
A.चमोली- तिब्बत
B.चमोली- उत्तरकाशी
C.चमोली- अल्मोड़ा
D.चमोलक- बागेश्वर

Ans- A

Q26.निम्न में से पंच कुंडों में सम्मिलित नहीं है
A.मानुषी कुंड
B.नारद कुंड
C.वेदनी कुंड
D.त्रिकोण कुंड

Ans - C

Q27.मुखोटा नृत्य सम्बंधित है
A.रम्माण महोत्सव से
B.अठवाड़ महोत्सव से
C.तिमुण्डा मेले से
D.कुलसारी मेला

Ans - A

Q28.निम्न में से कौन बुग्याल चमोली में नहीं है
A.अली बुग्याल
B.नंदकानन बुग्याल
C.दयारा बुग्याल
D.गुरसो बुग्याल

Ans- C

Q29.चिनाप घाटी किस जनपद में है
A.उत्तरकाशी
B.चमोली
C.पिथौरागढ़
D.रुद्रप्रयाग

Ans- B

Q30.चमोली जनपद की कौन सी विधानसभा सीट अनुसूचित जाति(SC) के लिए आरक्षित है
A.बद्रीनाथ
B.कर्णप्रयाग
C.थराली
D.इनमें से कोई नहीं

Ans – C

Q31.पंच केदारों में से ऐसा कौन सा केदार है जिसके कपाट वर्षभर खुले रहते हैं
A.रुद्रनाथ
B.तुंगनाथ
C.मदमहेश्वर
D.कल्पेश्वर

Ans – D

Q32.निम्न में से चमोली में कौन सा कुंड है
A.रेतस कुंड
B.थमरी कुंड
C.सुकुण्ड
D.वैतरणी कुंड

Ans- D

Q33.उत्तराखंड बोली भाषा संस्थान कहाँ स्थित है
A.गैरसैंण
B.गोपेश्वर
C.जोशीमठ
D.गोचर

Ans- D

Q34.कौन सा ताल उत्तराखंड का रहस्यमयी ताल के नाम से जाना जाता है
A.सूखाताल
B.विरही ताल
C.रूपकुंड
D.लिंगताल

Ans - C

Q35.जोशीमठ कौन सी नदी के तट पर बसा हुआ है
A.धौलीगंगा
B.अलकनंदा
C.लक्ष्मण गंगा
D.पिंडर नदी

Ans - B

Q36.शिवराज सिंह निस्संग थे
A.पर्यावरणविद
B.साहित्यकार
C.राजनेता
D.अभिनेता

Ans- B

Q37.चंडी प्रसाद भट्ट जी को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार से कब सम्मानित किया गया
A.1982
B.1986
C.1988
D.1991

Ans- A

Q38.पंच केदारों में से कौन सा एक शामिल नहीं है
A.रुद्रनाथ
B.विश्वनाथ
C.तुंगनाथ
D.कल्पेश्वर

Ans – B

Q39.हेमकुंड ताल कितने पर्वतों से घिरा हुआ है
A.5
B.8
C.7
D.9

Ans – C

Q40.चमोली जनपद के किस विकासखंड का नाम बदलकर नंदानगर रखा गया
A.देवाल
B.दशोली
C.नारायणबगड़
D.घाट

Ans- D

Q41.उर्वशी कुंड किस जनपद में है
A.उत्तरकाशी
B.पिथौरागढ़
C.चमोली
D.टिहरी

Ans- C

Q42.भारत का पहला ऑर्किड पार्क कहाँ स्थापित किया गया
A.उखीमठ
B.देववन
C.गोपेश्वर
D.श्रीनगर

Ans- C

Q43.निम्न में से पंच प्रयागों में सम्मिलित नहीं है
A.कर्णप्रयाग
B.केशव प्रयाग
C.रुद्रप्रयाग
D.विष्णुप्रयाग

Ans - B

Q44.ब्यास गुफा कहाँ स्थित है
A.केदारनाथ
B.बद्रीनाथ
C.गंगोत्री
D.यमुनोत्री

Ans - B

Q45.उत्तराखण्ड की निम्न पर्वत चोटियों का उनकी ऊँचाई के अनुसार बढ़ता हुआ क्रम होगा:
1. नन्दा देवी
2. द्रोणगिरि
3. केदारनाथ
4. कामेट

A.2,3,4,1
B.2, 4,3,1
C..3,2,4,1
D.उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans- C

Q46.कुलसारी का सूर्य मंदिर कौन से जनपद में स्थित है
A.उत्तरकाशी
B.चम्पावत
C.पिथौरागढ़
D.चमोली

Ans- D

Q47.निम्न में से कौन सा मंदिर चमोली की उर्गम घाटी में स्थित है
A.आदिबद्री
B.कल्पेश्वर मन्दिर
C.भविष्य बद्री
D.वृद्ध बद्री

Ans- B

Q48.रम्माण महोत्सव को यूनेस्को ने विश्व धरोहर उत्सव कब घोषित किया
A.2008
B.2007
C.2009
D.2010

Ans – C

Q49.निम्न में से कौन सा सूर्य मंदिर चमोली जनपद में स्थित है
A.मंजियाली का सूर्य मंदिर
B.कुलसारी का सूर्य मंदिर
C.पलेठी का सूर्य मंदिर
D.मढ़का सूर्य मंदिर

Ans – B

Q50.घसतोली बुग्याल किस जनपद में है

A.उत्तरकाशी

B.चमोली

C.रुद्रप्रयाग

D.अल्मोड़ा

Ans- B

रुद्रप्रयाग जनपद

रुद्रप्रयाग का इतिहास

स्थापना- 16 सितम्बर 1997
रुद्रप्रयाग का पुराना नाम - पुनाड़

भौगोलिक स्थिति-

पड़ोसी जिले-
पूर्व में – चमोली
पश्चिम- टिहरी
उत्तर- उत्तरकाशी
दक्षिण- पोड़ी

- रुद्रप्रयाग जनपद उत्तराखंड का आंतरिक जिला है जो किसी अन्य राज्य व देश से सीमा नहीं बनाता
- रुद्रप्रयाग चार जनपदों से सीमा बनाता है- टिहरी, पोड़ी, चमोली, उत्तरकाशी
- **क्षेत्रफल**- 1984 वर्ग KM

राष्ट्रीय राजमार्ग-

NH 107- रुद्रप्रयाग - गौरीकुण्ड
NH 7 - दिल्ली - रुद्रप्रयाग - बद्रीनाथ – माणा

प्रमुख पर्यटक स्थल/ प्रमुख मेले/ प्रमुख मंदिर

प्रमुख पर्यटक स्थल

1.गुप्तकाशी-

- मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित गुप्तकाशी एक सुंदर स्थल हैं
- गुप्तकाशी में भगवान शिव को समर्पित विश्वनाथ मंदिर है
- विश्वनाथ मंदिर के समीप ही अर्धनारीश्वर मंदिर भी है
- विश्वनाथ मंदिर के सामने ही मणिकर्णिका कुंड भी हैं यह एक ठंडा कुंड है

2.अगस्तमुनि-

- यह स्थान मुनि अगस्त्य की तपोभूमि है
- यहाँ पर मुनि अगस्त्य के ईष्ट देव अगस्तेश्वर महादेव मंदिर भी हैं

3.उखीमठ-

- इस स्थान को बाणासुर की पुत्री ऊषा व अनिरुद्ध का विवाह स्थल माना जाता है
- उखीमठ में ओंकारेश्वर शिव मंदिर है जिसका निर्माण गुरु शंकराचार्य ने किया
- शीतकालीन में केदारनाथ व मदमहेश्वर की डोलियां यहीं पर लायी जाती है

4.चोपता-

- उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित चोपता एक छोटा सा हिल स्टेशन है
- चोपता के निकट बनिया कुंड स्थित है
- बनिया कुंड जंगल में उत्तराखंड का पहला नेचर कैनेपी वॉक बनाया जाएगा जिसकी ऊंचाई 20 फ़ीट होगी

रुद्रप्रयाग के प्रमुख मंदिर

1.केदारनाथ-

- केदारनाथ उत्तराखंड में स्थित चार धामों में से एक धाम व पांच केदार में से एक केदार है
- केदारनाथ मंदिर मंदाकिनी नदी तट पर स्थित है

- केदारनाथ मंदिर में शिव रूपी बैल की पीठ आकृति पिंड की पूजा होती है
- शीतकाल के दौरान केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने बाद केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल ऊखीमठ का ओंकारेश्वर मंदिर है
- यह मंदिर कत्यूरी शैली से निर्मित है

2.मदमहेश्वर-

- उत्तराखंड के पंचकेदारों में से यह दूसरा केदार है
- यहाँ पर भगवान शिव की नाभि की पूजा होती है
- मदमहेश्वर के ऊपर कुछ दूरी 3-4Km पर बूढ़ा मदमहेश्वर मंदिर भी है
- मदमहेश्वर मंदिर का शीतकालीन पूजा स्थल उखीमठ है

3.तुंगनाथ

- तुंगनाथ मंदिर उत्तराखंड के पंच केदारों में से तीसरा केदार है
- इस मंदिर में शिव की भुजाओं की पूजा होती है

- तुंगनाथ मंदिर के नजदीक रावण शिला और चंद्र शिला पर्वत भी है
- तुंगनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल मक्कूमठ है
- तुंगनाथ मन्दिर उत्तराखंड का सबसे ऊंचाई पर स्थित मंदिर है
- यह मंदिर कत्यूरी शैली में बना हुआ है

4.कोटेश्वर महादेव मंदिर-

- रुद्रप्रयाग से 3Km दूर अलकनंदा नदी के तट पर कोटेश्वर महादेव मंदिर स्थित है

5.त्रियुगी नारायण मंदिर-

- यह मंदिर रुद्रप्रयाग के त्रियुगी गॉव में स्थित है
- यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है यहाँ पर भगवान शिव व पार्वती का विवाह हुआ था
- यहाँ पर एक अग्नि ज्योति प्रज्वलित होती है
- यहाँ पर तीन कुंड हैं- ब्रह्म कुंड, विष्णु कुंड, व रुद्र कुंड

6.कार्तिक स्वामी मंदिर-

- रुद्रप्रयाग के कनक्चोंरी गांव में स्थित भगवान शिव के पुत्र कार्तिक स्वामी का मंदिर है

7.बसुकेदार मंदिर-

- इस मंदिर में भूमिगत शिवलिंग है
- इस मंदिर का निर्माण गुरु शंकराचार्य जी ने कराया था
- यहां पर कत्यूरी शैली से निर्मित कई अनेक छोटे छोटे मंदिर भी हैं

8.कालीमठ मंदिर-

9.सिर कटा गणेश मंदिर- यह सोन प्रयाग में स्थित है

11.बाणासुर मंदिर

12.हरियाली देवी मंदिर

रुद्रप्रयाग के प्रमुख मेले

1.जाख मेला-

यह मेला गुप्तकाशी में जाख देवता के मन्दिर में लगता है

इस मेले का आयोजन बैशाख माह में होता है

जाख देवता का पश्वा जलते अंगारो पर नृत्य करता है

2.भतूज मेला या अन्नकूट मेला-

यह मेला केदारनाथ में रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व लगता है

इस दिन भगवान शिव के स्वयंभू लिंग की पूजा होती है

3.मठियाणा मेला-

यह मेला रुद्रप्रयाग के जखोली विकासखंड के भरदार में मठियाणा मां के मंदिर में लगता है

4.हरियाली देवी मेला

5.वासुदेव मेला

प्रमुख यात्रा-

मनणा माई की जात-

- यह यात्रा उखीमठ विकासखंड के मदमहेश्वर घाटी में आयोजित होती है
- मनणा माई की डोली रांसी गांव से मनणी बुग्याल तक जाती है व फिर वापस रांसी गांव में रकेश्वरी मन्दिर में लायी जाती है

रुद्रप्रयाग जनपद Map
उत्तरकाशी
चोराबाड़ी ग्लेशियर
चोराबाड़ी ताल
मंदाकिनी नदी
वाशुकी ताल
केदारनाथ
वाशुकी नदी (सोनगंगा)
गौरीकुंड
बूढा मदमहेश्वर
मदमहेश्वर
त्रियुगीनारायण मंदिर
त्रियुगी गाँव
सोनप्रयाग
NH 107
मंदाकिनी
मधुगंगा
ब्यूंग गाड़
पंवाली कांठा
घनसाली
टिहरी
YouTube
Jardhari Classes
कालीमठ
देवरिया ताल
बधाणी ताल
चोपता
तुंगनाथ
बनियाकुंड
गुप्तकाशी
काशी विश्वनाथ
अर्धनारीश्वर मंदिर
ओंकारेश्वर मंदिर
उखीमठ
खल्यान बांगर
बशुकेदार मंदिर
चंद्रपुरी
ब्यूंजागाड़
चमोली
जखोली
अगस्तमुनि
कार्तिक स्वामी मंदिर
कनाक्चौरी गांव
सूर्य प्रयाग
NH 107
कोटेश्वर मंदिर
अलकनंदा
मंदाकिनी
NH 7
गोचर
रुद्रप्रयाग
अलकनंदा
NH 7
श्रीनगर
पोड़ी

रुद्रप्रयाग नदी तंत्र/ ताल/ प्रमुख कुंड/ बुग्याल

नदी तंत्र

1.मंदाकिनी नदी-

उद्गम- मंदराचल श्रेणी(केदारनाथ) या चोराबाड़ी ताल(चोराबाड़ी ग्लेशियर) से

संगम- रुद्रप्रयाग में अलकनंदा से संगम करती है

मंदाकिनी की प्रमुख सहायक नदी

1.सोनगंगा(वाशुकी नदी)-

उद्गम- वाशुकी ताल

संगम- सोनप्रयाग में मंदाकिनी से संगम

2.मधुगंगा-

उद्गम- मदमहेश्वर के निकट से

संगम- कालीमठ के निकट मंदाकिनी से मिलती है

3.क्यूंजागाड़- चंद्रपुरी में मंदाकिनी से संगम

4.लस्तर नदी-

उद्गम- पंवाली काँठा

संगम- सूर्यप्रयाग में मंदाकिनी नदी से

रुद्रप्रयाग की प्रमुख ताल/झील

1.चोराबाड़ी ताल(गांधी सरोवर)

- इसे शरवदी ताल भी कहा जाता है
- इस ताल में गांधी जी की अस्थियां विसर्जित की गयी थी
- यह केदारनाथ मंदिर के ऊपर कुछ दूरी पर स्थित है
- इस ताल से मंदाकिनी नदी का उद्गम होता है

राज्य की सबसे बड़ी आपदा केदारनाथ आपदा

- तिथि - 16 - 17 जून 2013
- कारण - अतिवृष्टि व बादल फटने के कारण
- केदारनाथ के ऊपर चोराबाड़ी ग्लेशियर टूटने के कारण चोराबाड़ी ताल टूट गया व मंदाकिनी नदी घाटी में भारी तबाही हुई
- बचाव कार्य - सेना द्वारा बचाव कार्य हेतु ऑपरेशन सूर्य हॉप चलाया गया

2.देवरिया ताल –यह उखीमठ के पास स्थित है

3.भेंकताल- रुद्रप्रयाग में स्थित यह ताल अंडाकार ताल है

4.वासुकी ताल- यह ताल सयुंक्त रूप से टिहरी रुद्रप्रयाग में स्थित है इस ताल से सोनगंगा का उद्गम होता है

5.बधाणी ताल- जाखोली की बांगर पट्टी में स्थित

रुद्रप्रयाग में स्थित प्रमुख कुंड

ठंडे कुंड

1.अमृत कुंड
2.हंस कुंड – केदारनाथ के निकट
3.उदक कुंड- केदारनाथ के निकट
4.रेतस कुंड – यह भी केदारनाथ के निकट है
5.नंदी कुंड 6.ब्रह्म कुंड 7.विष्णु कुंड 8.रुद्र कुंड 9.शिव कुंड
10.रुधिर कुंड
11.मणिकर्णिका कुंड – गुप्तकाशी में स्थित
12.सरस्वती कुंड

गर्म कुंड

1.गौरीकुण्ड
2.भौरी अमोला कुंड

रुद्रप्रयाग जनपद में स्थित बुग्याल

1.बर्मी बुग्याल
2.चोपता
3.मदमहेश्वर
4.कसनी खर्क
5.मनणी बुग्याल

JARDHARI CLASSES

समसामयिक घटना

रुद्रप्रयाग में उत्तराखंड का पहला नेचर कैनेपी वॉक -

- उत्तराखंड में चोपता(रुद्रप्रयाग) से लगे बनियाकुंड के जंगल में उत्तराखंड का पहला नेचर कैनोपी वॉक बनाया जाएगा।
- इसकी ऊँचाई 20 फीट होगी

केदारनाथ में आदि शंकराचार्य जी की मूर्ति स्थापित

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 05 नवंबर 2021 को केदारनाथ धाम पहँचे
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि शंकराचार्य जी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया
- कर्नाटक के मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इस मूर्ति को बनाया है

उत्तराखंड में के केदारनाथ धाम को न्यूयॉर्क की तर्ज पर बनाया जाएगा हॉट सिटी –

- उत्तराखंड पर्यटन विभाग केदारनाथ में कड़ाके की ठंड को देखते हुए यूरोप और अमेरिका के ठंडे शहरों की तर्ज पर केदारनाथ को भी हाट सिटी बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है।
- योजना के तहत न सिर्फ केदारनाथ के कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं को कमरे में सामान्य तापमान महसूस होगा।
- साथ ही पाइपलाइन के जरिये गर्म पानी की सप्लाई ही की जाएगी।

प्रशासनिक ढांचा

विधानसभा क्षेत्र- 1.केदारनाथ 2.रुद्रप्रयाग
तहसील- रुद्रप्रयाग जनपद में 4 तहसील हैं
1.रुद्रप्रयाग, 2.उखीमठ, 3.बसुकेदार, 4.जखोली

विकासखंड-
रुद्रप्रयाग में 3 विकासखंड या ब्लॉक हैं-
1.उखीमठ, 2.जखोली, 3.अगस्तमुनि

जनंसख्या- 2,42,285
जनघनत्व- 122
लिंगानुपात- 114
साक्षरता- 81.3%
पुरूष- 93.90%
महिला-70.35%

JARDHARI CLASSES

रुद्रप्रयाग जनपद MCQ

Q1.रुद्रप्रयाग जनपद की स्थापना कब हुई
A.1996
B.1997
C.1998
D.1999

Ans- B

Q2.रुद्रप्रयाग में कोटेश्वर महादेव मंदिर किस नदी के तट पर स्थित है
A.मंदाकिनी
B.लस्तर नदी
C.अलकनंदा
D.सोनगंगा

Ans- C

Q3.उत्तराखंड के किस जनपद की पुरूष साक्षरता दर सर्वाधिक है
A.हरिद्वार
B.देहरादून
C.टिहरी
D.रुद्रप्रयाग

Ans- D

Q4.ओंकारेश्वर शिव मंदिर कहाँ स्थित है
A.चोपता
B.गुप्तकाशी
C.उखीमठ
D.मक्कुमठ

Ans- C

Q.5 रुद्रप्रयाग जनपद का कुल क्षेत्रफल है
A.1980 वर्ग KM
B.1984 वर्ग KM
C.1987 वर्ग KM
D.1986 वर्ग KM

Ans-B

Q6.रुद्रप्रयाग के दक्षिण में कौन सा जनपद स्थित है
A.टिहरी
B. पोड़ी
C.चमोली
D.अल्मोड़ा

Ans .B

Q7.चोपता हिल स्टेशन कौन से जनपद में है
A.अल्मोड़ा
B.रुद्रप्रयाग
C.चमोली
D.उत्तरकाशी

Ans- B

Q8.रुद्रप्रयाग से गौरीकुण्ड को निम्न में से कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग जोड़ता है
A.NH 7
B.NH 107
C.NH 70
D.NH 121

Ans- B

Q9.निम्न में से कौन सा एक ताल रुद्रप्रयाग में स्थित है
A.अप्सरा ताल
B.देवसाड़ी ताल
C.बधाणी ताल
D.विरही ताल

Ans- C

Q10.केदारनाथ मंदिर किस शैली से बना हुआ है
A.शंकुधारी शैली
B.मुगल शैली
C.कत्यूर शैली
D.हूण शैली

Ans- C

Q11. रुद्रप्रयाग में विधानसभा सीटें कितनी है
A.1
B.2
C.3
D.4

Ans-B

Q12.निम्न में से किस मेले में जलते अंगारो पर नृत्य किया जाता है
A.भतूज मेला
B.मठियाणा मेला
C.हरियाली मेला
D.जाख मेला

Ans- D

Q13.निम्न में से किस मंदिर के निकट रावण शिला व चंद्र शिला पर्वत है
A.केदारनाथ
B.मदमहेश्वर
C.तुंगनाथ
D.विश्वनाथ

Ans- C

Q14.मंदाकिनी नदी का उद्गम कहाँ से होता है
A.शरवदी ताल
B.वासुकी ताल
C.भेंक ताल
D.देवरिया ताल

Ans- A

Q15.रुद्रप्रयाग में विश्वनाथ मंदिर कहाँ स्थित है
A.उखीमठ
B.गुप्तकाशी
C.अगस्तमुनि
D.केदारनाथ

Ans-B

Q16.निम्न में से मंदाकिनी की सहायक नदी नहीं है
A.मधुगंगा
B.वाशुकी नदी
C.लस्तर नदी
D.आटागाड

Ans- D

Q17.निम्न में से रुद्रप्रयाग का विकासखंड नहीं है
A उखीमठ
B.बसुकेदार
C.जखोली
D.अगस्तमुनि

Ans- B

Q18.मदमहेश्वर का शीतकालीन आवास है-
A.गुप्तकाशी
B.मक्कूमठ
C.उखीमठ
D.चोपता

Ans-C

Q19.निम्न में से किसे शरवदी ताल कहा जाता है
A.गांधी सरोवर
B.देवरिया ताल
C.वासुकी ताल
D.बधाणी ताल

Ans- A

Q20.निम्न में से किस यात्रा का सम्बंध रुद्रप्रयाग से है
A.गुरु मणिकनाथ यात्रा
B.पंच कोशी वारुणी यात्रा
C.मनणा माई की जात
D.इनमें से कोई नहीं

Ans- C

Q21.उत्तराखंड का पहला नेचर कैनेपी पार्क बनाया जाएगा-
A.अगस्तमुनि
B.चोपता
C.गौरीकुण्ड
D.गुप्तकाशी

Ans- B

Q22.निम्न में से कौन सा बुग्याल रुद्रप्रयाग में स्थित है
A.कसनी खर्क
B.केदार खर्क
C.गुरसो बुग्याल
D.केदार कांठा

Ans- A

Q23.निम्न में से एक गर्म कुंड है
A.बैराश कुंड
B.रेतस कुंड
C.मणिकर्णिका कुंड
D.गौरीकुण्ड

Ans- D

Q24.उत्तराखंड के पंच केदारों में से रुद्रप्रयाग में कितने केदार स्थित हैं
A.1
B.2
C.3
D.4

Ans- C

Q25.बर्मी बुग्याल किस जनपद में है
A.चमोली
B.टिहरी
C.उत्तरकाशी
D.रुद्रप्रयाग

Ans- D

Q26.उत्तराखंड का सबसे ऊंचा मन्दिर है
A.विश्वनाथ
B.केदारनाथ
C.मदमहेश्वर
D.तुंगनाथ

Ans- D

Q27.रुद्रप्रयाग में कौन सी नदियों का संगम होता है
A.अलकनंदा- पिंडर
B.मंदाकिनी - लस्तर नदी
C.अलकनंदा – मंदाकिनी
D.अलकनंदा - भागीरथी

Ans- C

Q28.जाख मेला कहाँ लगता है
A.उखीमठ
B.केदारनाथ
C.गौरीकुण्ड
D.गुप्तकाशी

Ans- D

Q29.रुद्रप्रयाग की स्थापना कब हुई
A.1996
B.1995
C.1998
D.1997

Ans- D

Q30.निम्न में से कौन सी नदी सूर्यप्रयाग में मंदाकिनी नदी से संगम करती है
A.ब्यूंग गाड़
B.लस्तर नदी
C.क्यूंजागाड
D.मधु गंगा

Ans- B

Q31.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ में आदि गुरु शंकराचार्य जी की मूर्ति का अनावरण किया यह मूर्ति कितनी ऊँची है

A.8 फ़ीट
B.10 फीट
C.12 फीट
D.16 फीट

Ans- C

Q32.मणिकर्णिका कुंड कहाँ स्थित है

A.केदारनाथ
B.गुप्तकाशी
C.अगस्तमुनि
C.त्रियुगी गांव

Ans- B

Q33.रुद्रप्रयाग जनपद में कुल कितनी तहसीलें हैं

A.1
B.2
C.3
D.4

Ans- D

Q34.रुद्रप्रयाग का लिंगानुपात कितना है

A.997
B.1101
C.1114
D 1124

Ans-C

टिहरी जनपद

टिहरी का इतिहास

- स्थापना - 28 दिसम्बर 1815
- पंवार वंश के 55वें राजा सुदर्शन शाह ने 28 दिसम्बर 1815 को पुरानी टिहरी में टिहरी रियासत की नींव रखी
- 1877 में प्रताप शाह ने टिहरी रियासत में प्रताप नगर की नींव रखी व इसे अपनी राजधानी बमाया
- 1921 में नरेंद्र शाह ने नरेंद्र नगर की स्थापना की व 1925 में नरेंद्र नगर में राजधानी बनायी
- टिहरी रियासत का भारतीय संघ में विलय - 1 अगस्त 1949
- 24 फरवरी 1960 को टिहरी जनपद से उत्तरकाशी को अलग किया गया
- 16 सितम्बर 1997 में टिहरी से रुद्रप्रयाग को अलग कर दिया गया

भौगोलिक स्थिति

पड़ोसी जिले –

पूर्व – रुद्रप्रयाग
पश्चिम – देहारादून
उत्तर – उत्तरकाशी
दक्षिण – पौड़ी
क्षेत्रफल- 3642
टिहरी राज्य का आंतरिक जिला है

टिहरी जनपद प्रमुख पर्यटक स्थल

1.मुनि की रेती -

- मुनि की रेती टिहरी जनपद के ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला पुल के निकट स्थित है
- जानकी सेतु पुल मुनि की रेती(टिहरी) और स्वर्गाश्रम(पौड़ी) को जोड़ता है
- यह पुल गंगा नदी पर बना हुआ है
- उद्घाटन - 20 नवंबर 2020 त्रिवेंद्र रावत द्वारा

2.तपोवन - यह स्थल ऋषिकेश में मुनि की रेती के निकट स्थित है
प्रसिद्ध लक्ष्मण झूला पुल यहीं पर स्थित है

3.खैंट पर्वत -

- आक्षरी, परियों या अप्सराओं का निवास स्थल या देश
- **खैंट पर्वत** - इस पर्वत पर खैंटखाल मंदिर स्थित है

4.चम्बा -

- गब्बर सिंह नेगी(विक्टोरिया क्रॉस सम्मानित) की जन्मस्थली
- चंबा के निकट श्री देव सुमन की जन्मस्थली जोलगाँव भी है
- चम्बा में ऋषिकेश धराशु मार्ग पर बनी 440 मीटर लंबी चम्बा सुरंग स्थित है जिसका उद्घाटन 26 मई 2020 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया

5.धनोल्टी -

- मसूरी- चम्बा मार्ग पर स्थित प्रमुख स्थल

6.प्रताप नगर

- स्थापना - 1877(प्रताप शाह ने)
- प्रताप नगर का पुराना नाम- ठांगधार
- प्रताप नगर के सेम मुखेम में नागराजा का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है

7.देवप्रयाग –

देव प्रयाग में भागीरथी व अलकनदा का संगम होता है

यह उत्तराखंड के पंच प्रयागों में से एक है

- देव शर्मा नामक ऋषि ने यहाँ पर तपस्या थी जिसके कारण यहाँ का नाम देवप्रयाग पड़ा
- इस स्थल को सुदर्शन तीर्थ व इंद्र प्रयाग भी कहा जाता है
- देवप्रयाग में रघुनाथ मंदिर स्थित है
- देवप्रयाग के निकट ही प्रसिद्ध तीन धारा स्थल है

8.नरेंद्र नगर -

- स्थापना - 1921 नरेंद्र शाह ने
- नरेंद्रनगर में राज्य पुलिस प्रशिक्षण अकादमी स्थित है जिसकी स्थापना 1 मई 2011 को की गयी

9.नई टिहरी - टिहरी जनपद का मुख्यालय

टिहरी जनपद प्रमुख मन्दिर

1.रघुनाथ मन्दिर -

- यह मंदिर देवप्रयाग में स्थित है
- भगवान श्री राम ने यहां पर रावण को मारने के बाद तपस्या की थी
- यह मंदिर द्रविण शैली में बना है



2.पलेठी का सूर्य मंदिर -

- टिहरी के हिंडोलाखाल में स्थित इस मंदिर की स्थापना 6वीं-7वीं शताब्दी में हुई मानी जाती है
- 1968 में भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर में स्थित लेखों का अध्ययन किया गया जो कि ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं
- यह लेख आदिवर्मन व कल्याण वर्मन के माने गए हें

3.सेम मुखेम मंदिर -

- प्रताप नगर के मुखेम गांव से लगभग 5 km ऊपर स्थित यह मंदिर भगवान नागराज को समर्पित है
- यहाँ भगवान श्री कृष्ण नागराजा के रूप में विधमान रहते हैं
- यहाँ पर प्रत्येक तीसरे साल(तिसाली मेला) मेला मंगशीर्ष माह आयोजित किया जाता है

- इस स्थान पर रमोली गढ़ के गढ़पति गंगू रमोला का राज था
- राजा गंगू रमोला के दो पुत्र सिधवा-विधवा थे जिनकी स्थानीय लोगों द्वारा आज भी पूजा की जाती है

4.बूढाकेदार -

- भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर भिलंगना विकासखंड में स्थित है
- यह मंदिर भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है
- बूढाकेदार मंदिर में मंगशीर की दीपावली में 'बलिराज मेले' का आयोजन होता है
- बुढ़ाकेदार के निकट भिलंगना कि सहायक नदियां बालगंगा व धर्मगंगा का संगम होता है

5.ज्वालामुखी मंदिर - यह मंदिर टिहरी जनपद के घनसाली तहसील के विनयखाल में देवगढ़ नामक स्थान पर है

6.सुरकण्डा देवी मंदिर-

- चंबा मसूरी मार्ग पर स्थित यह मंदिर कदुखाल से 2.5 KM ऊपर सुरकूट पर्वत पर स्थित है
- सुरकूट पर्वत मध्य हिमालय पर्वत श्रेणी स्थित है
- यह माता सती का शक्ति पीठ है
- यहाँ के पुजारी स्थानीय लेखवार ब्राह्मण हैं

7.चन्द्रबदनी मंदिर -

- यह पर्वत चंद्रकुट पर्वत पर स्थित है
- इस मंदिर का उल्लेख स्कन्द पुराण के केदारखंड में मिलता है जहां इसे भुवनेश्वरी पीठ कहा गया है
- यह भी माता सती का शक्ति पीठ है

8.कुंजापुरी मंदिर –

- यह मंदिर नरेंद्रनगर से आगे हिंडोलाखाल के निकट स्थित है
- यह मंदिर माता सती के शक्ति पीठों में से एक है
- यहाँ के पुजारी भंडारी राजपूत हैं
-

9.बलखिलेश्वर मंदिर - यह बाल गंगा नदी के तट पर स्थित है

10.मणिकनाथ मंदिर – भिलंगना घाटी में स्थित

11.ढूँढ़ेश्वर महादेव मंदिर – कीर्तिनगर में अलकनदा नदी के तट पर

टिहरी जनपद के प्रसिद्ध मेले व प्रमुख यात्रा

1.मोण मेला -
यह मेला जौनपुर क्षेत्र में जौनसारी जनजाति का प्रसिद्ध मेला है
इस मेले की शुरुआत टिहरी नरेश नरेंद्र शाह ने की
इस मेले में मछली पकड़ने की प्रतियोगिता होती है इसलिए इस मेले को मछमोण मेला भी कहते हैं
मोण मेला अगलाड़ नदी पर अयोजित किया जाता है

2.सेम मुखेम मेला -
यह मेला प्रतापनगर क्षेत्र के मुखेम गांव से ऊपर सेम मुखेम मंदिर पर मंगशीर्ष के माह आयोजित होता है

3.रंवाई किसान मेला -
यह मेला माधो सिंह भंडारी के गांव मलेथा में आयोजित किया जाता है

4.शहीद नागेंद्र सकलानी मोलू भरदारी विकास मेला - कीर्तिनगर

5.रणभूत मेला -
यह मेला टिहरी जनपद के नैलचामी पट्टी में कार्तिक माह में आयोजित किया जाता है
यह मेला राजशाही के समय विभिन्न युद्धों में मारे गए लोगों की याद में लगता है
यह मेला भूत नृत्य के रूप में जाना जाता है

6.तिलका देवी मेला -
यह मेला बाड़ासरी जौनपुर में तिलका देवी मंदिर में आयोजित किया जाता है

7.नाग टिब्बा मेला- टिहरी के जोनपूर में
8.चन्द्रबदनी मेला- चन्द्रबदनी में

टिहरी जनपद की प्रमुख यात्रा

1.खतलिंग महादेव यात्रा-
यह यात्रा भिलंगना क्षेत्र के घुत्तू से होकर पंवाली काँठा होते हुए खतलिंग ग्लेशियर तक होती है
इस यात्रा का आयोजन सितंबर माह में होता है

2.पंवाली-काँठा केदारनाथ यात्रा -
यह यात्रा टिहरी के पंवाली काँठा से रुद्रप्रयाग के केदारनाथ तक आयोजित की जाती है
इस यात्रा का आयोजन अगस्त-सितम्बर माह में होता है

3.गुरु मणिकनाथ यात्रा -
टिहरी जनपद में प्रति वर्ष पांच दिवसीय गुरु मणिकनाथ यात्रा आयोजित की जाती है

4.सहस्त्र ताल - महासर ताल यात्रा

टिहरी जनपद MAP

उत्तरकाशी
नागटिब्बा
मुखेम
अंगलाड़ नदी
भागीरथी नदी
जौनपुर क्षेत्र
लम्बगांव
प्रताप नगर
धनोल्टी
कैम्पटी जल प्रपात
मसूरी
भल्डियाणा
डोबरा चांटी पुल
सुरकंडा मंदिर
कानाताल
नई टिहरी
चम्बा
टिहरी बांध
भिलंगना
घनसाली
रुद्रप्रयाग
देहरादून
YouTube:- Jardhari Classes
कोटेश्वर बांध
परियोजना
कीर्तिनगर
श्रीनगर
नरेंद्रनगर
हेंवल नदी
देवप्रयाग
अलकनंदा नदी
मुनि की रेती
स्वर्गाश्रम
पटना
जलप्रपात
गंगा नदी
भैरव मन्दिर
नयार नदी
पोड़ी
वासुकीताल
मासरताल
सहस्त्रताल
खतलिंग ग्लेशियर
बालगंगा
महासरताल
भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

टिहरी जनपद की प्रमुख नदियां/परियोजना/ प्रमुख ताल/ कुंड/गुफाएं/बुग्याल

प्रमुख नदियां

भागीरथी नदी

